रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-246 रांची | रविवार 28 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

# यात्रियों से भरी मिनी बस दुर्घटनाग्रस्त, एक छात्रा सहित 2 की मौत

**चतरा।** चतरा-गया मुख्य मार्ग पर स्थित दुर्घटना जोन संघरी घाटी में यात्रियों से भरी मिनी बस पलट जाने से एक छात्रा और उपचालक की मौत हो गई। मरने वालों में कुंदा के खुसियाला गांव निवासी रेखा कुमारी और हंटरगंज के नागर गांव निवासी सह बस कंडक्टर परसुराम सिंह का नाम शामिल है। जबकि इस घटना में करीब दर्जन भर छात्राएं और यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो में प्रतापपुर के योगियारा गांव निवासी उदय सिंह व उसकी पुत्री सोनी कुमारी, मांझीपड़ा गांव निवासी स्वर्गीय दुलारचंद यादव का पुत्र रंजीत यादव, शहर के दीभा मोहल्ला निवासी ब्रजबल्लभ पाठक का पुत्र अजय कुमार पाठक, प्रतापपुर के चंद्री गांव निवासी सुधीर दास की पुत्री पूनम कुमारी, उपेंद्र प्रजापति की पुत्री सुषमा कुमारी, प्रतापपुर के योगियारा गांव निवासी सुरेश गंझू की पत्नी ललिता देवी, विनय राय की पुत्री अनीषा कुमारी, कुंदा के चिलोई गांव निवासी बालेश्वर गंझू की पत्नी रीता देवी, जगदीश गंझू का पुत्र बालेश्वर गंझू, बालेश्वर गंझू की पुत्री बबिता कुमारी, प्रतापपुर के सुधीर पासवान की पुत्री सिमरन कुमारी, बेबी कुमारी, बलेश्वर गंझू का पुत्र संतोष कुमार, द्वारिका यादव, प्रियका कुमारी, प्रतापपुर के बुटन दास की पुत्री रितू कुमारी व कल्लू यादव का पुत्र दनारी यादव का नाम शामिल है। सभी घायलों को जेएमएम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति और सदर थाना पुलिस के सहयोग से सदर अस्पताल चतरा में भर्ती कराया गया। बताते चलें कि सिटी राइड बस प्रतापपुर भाया कुन्दा से पोटम तक जाती है। बताया जाता है कि छात्राएं बीए की परीक्षा देकर अपने अपने घर जाने के लिए बस पर सवार हुई थी ।

घटना की जानकारी मिलते ही उपायुक्त रमेश घोलप, एसडीओ सुरेंद्र उरांव, एडीपीओ संदीप कुमार सुमन, सांसद प्रत्यासी कालीचरण सिंह, सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद, डीएस डॉ मनीष लाल, बीजेपी जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, झामुमो जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति सहित अन्य ने पहुंचकर मरीजों का हाल जाना।





# शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन का हुआ निधन, नेमरा में पंचतत्व में हुए विलीन

## मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर दी श्रद्धांजलि



**गोला।** पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरू शिबू सोरेन के बड़े भाई एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बड़े पिताजी राजाराम सोरेन ( 84 वर्ष ) का लंबी बीमारी के बाद शनिवार को रांची में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को रांची से पैतृक आवास गोला प्रखंड के नेमरा लाया गया। जहां से अंतिम यात्रा निकाली गई और घर के कुछ दूरी पर स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि स्व. लालू सोरेन के पुत्र दयानंद सोरेन ने दी। अंतिम संस्कार में राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन शामिल हुए और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के अलावे अंतिम संस्कार में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, मंत्री बसंत सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरन, मां रूपी सोरेन, पूर्व विधायक अर्जुन राम, जिप सदस्य रेखा सोरेन, झामुमो नेता आलम अंसारी, विजय महतो, सुनील राज चक्रवर्ती, अंजलि सोरेन, सावन टुडू, मुखिया जीतलाल टुडू, दिनेश मुर्मू, महालाल टुडू, हेमलाल टुडू, केशव टुडू, सतीश टुडू, छोटेलाल, दिलीप मुंडा, हेमलाल सोरेन, श्रीपद टुडू, रितुलाल सोरेन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# हेमंत सोरेन को नहीं मिली अंतरिम जमानत

**रांची ।** ईडी की अदालत ने शनिवार को जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सोरेन ने बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए यह याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने अंतरिम जमानत नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन बड़े पिताजी के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे। उल्लेखनीय है कि झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के बड़े भाई राजा राम सोरेन का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में शामिल होने के लिए हेमंत सोरेन ने अंतरिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

# पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**रांची ।** रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहे पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने शनिवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में रांची लोकसभा सीट से टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई। साथ ही कहा कि वे झंडा लेकर समर्थन करने नहीं आए थे। इसलिए पार्टी छोड़ने का निर्णय किया है। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के लिए सभी प्रक्रिया पूरी की गयी थी। कांग्रेस की ओर बायोडाटा मांगा गया। इसके बाद झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने उन्हें कांग्रेस में शामिल कराया। गुलाम अहमद मीर ने कहा था कि राहुल गांधी का कहना है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी। आप सभी मामलों में फिट बैठते हैं। आपको रांची लोकसभा सीट से टिकट दिया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवार की घोषणा के लिए भी लंबा समय लिया। जबटिकट की घोषणा हुई तो वो सबके सामने है।

# राहुल गांधी की खूंटी और लोहरदगा में रैली तीन मई को

**रांची ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन मई को खूंटी और लोहरदगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने खूंटी और गुमला में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को होमवर्क में जुट जाने का निर्देश दिया। पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में लोकसभा चुनाव के लिए बेहतर माहौल तैयार किया जा रहा है। रैली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। युवाओं, किसानों, महिलाओं और आदिवासियों के बीच राहुल गांधी की प्रस्तावित रैली को लेकर काफी उत्साह है। जनता को भरोसा है कि इंडी गठबंधन की सरकार ही उनके दर्द को कम कर सकती है। ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पास केवल धनबल है, नैतिक बल नहीं है। लोकसभा चुनावों में सभी सीटों पर कांग्रेस सहित इंडी एलायंस की जीत की संभावना है। साथ ही कहा कि गांव के लोग महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाना चाहते हैं। यही कारण है कि लोगों को भरोसा कांग्रेस और इंडी एलायंस के पक्ष में है। इस बार हवा इंडी गठबंधन के पक्ष में है।

# हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय लड़खड़ाकर गिरीं बंगाल की सीएम

- दुर्गापुर में हुई घटना, पिछले महीने घर में गिर जाने से माथे पर चोट लगी थी

**दुर्गापुर (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को हेलीकॉप्टर में चढ़ने के दौरान लड़खड़ाकर गिर गईं। ये हादसा पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में हुआ। ममता वहां चुनाव प्रचार करने गई थीं। घटना का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि ममता अपनी कार से निकलकर हेलीकॉप्टर में चढ़ रही थीं। इसी दौरान हेलीकॉप्टर के गेट पर उनका पैर स्लिप हो गया और वो गिर गईं। ममता के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। हालांकि उन्हें हल्की चोट लगी है। घटना के बाद ममता ने अपनी चुनावी यात्रा जारी रखी। दुर्गापुर के बाद वो आसनसोल के लिए रवाना हुईं। इसके पहले ममता बनर्जी 14 मार्च को कोलकाता में अपने घर में गिर गई थीं। वर्धमान लोकसभा सीट पर टीएमसी के प्रत्याशी कीर्ति आजाद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के बीच मुकाबला है। ममता 14 मार्च को कोलकाता स्थित अपने घर में गिरने से गंभीर रूप से चोटिल हो गई थीं। टीएमसी ने बताया कि उनके माथे पर गंभीर और गहरी चोट आई थी। इसके बाद भतीजे अभिषेक बनर्जी उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें कुछ टांके लगे थे। सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया था, मुख्यमंत्री अपने घर में चलते हुए फिसल गईं और शो पीस पर गिरने के चलते उन्हें चोट लग गई थी। ममता को इस साल जनवरी में भी सिर पर चोट लगी थी। वह 24 जनवरी को सड़क मार्ग से बर्धमान से कोलकाता लौट रही थीं। तेज बारिश हो रही थी। धुंध की वजह से अचानक कार के ब्रेक लगाने से ममता का सिर टकरा गया था, जिससे हल्की चोट आई थी। ममता बनर्जी को 27 जून को विदेश यात्रा के दौरान बाएं घुटने में चोट लग गई थी। इसी घुटने में उन्हें साल 2023 की शुरुआत में हेलीकॉप्टर से उतरते समय भी चोट लगी थी। उनके घुटनों की जांच अस्पताल में की गई।

# पुलिस की स्पेशल टीम ने की 40 लाख के अफीम की बरामदगी, माफियाओं में हड़कंप

**चतरा।** झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभावी आदर्श आचार संहिता के दौरान नशे के अवैध साम्राज्य को संचालित करने को लेकर माफियाओं ने नई तरकीब ढूंढ ली है। अफीम, गांजा और ब्राउन शुगर के काले धंधे को अब ड्रग पैडलर बच्चों और महिलाओं के सहारे संचालित करने में जुटे हैं। ताकि न सिर्फ पुलिस को चकमा देकर नशे के खेप को चिन्हित मंडियों तक पहुंचाया जा सके। बल्कि कम पैसे में माफिया अपनी घिनौनी कारिस्तानी से मालामाल भी हो जाएं। पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर थाना पुलिस की टीम ने तस्करों और माफियाओं के ऐसे ही गैरकानूनी तस्करी के काले खेल का खुलासा किया है। सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने नाटकीय ढंग से 40 लख रुपये के अफीम के साथ नाबालिग को निरुद्ध किया है। वहीं नाबालिग के माध्यम से अफीम की तस्करी कराने वाले माफिया को भी चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी को ले अभियान तेज कर दिया गया है। गिद्धौर थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी की अफीम का बड़ा अवैध खेप तस्करी के लिए बलबल के रास्ते हजारीबाग के मंडियों में भेजा जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके बाद अभियान के दौरान ही चतरा-हजारीबाग मुख्यपथ पर स्थित बलबल मंदिर के समीप से बस का इंतजार कर रहे नाबालिक से शक के आधार पर पूछताछ व तलाशी ली गई।



सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
## निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

## आम सूचना

**'लोक सभा निर्वाचन-2024'** के सफल संचालन के उद्देश्य से राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष 24x7 कार्यरत है। चुनाव से संबंधित किसी भी शिकायत एवं जानकारी हेतु राज्य मुख्यालय, राँची में अवस्थित नियंत्रण कक्ष (Control Room) के टॉलफ्री नं॰ - **1800-331-1950** एवं Voter Helpline Number - **1950** पर आवश्यकतानुसार संपर्क किया जा सकता है।

## जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 0657-2221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय संबंधी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपरोक्त दूरभाष नम्बरों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR 32414(Election)2024-25

## संक्षिप्त

### हाथियों के उत्पात से फसलों को भारी नुकसान

**इटकी :** इटकी प्रखंड के गांवों में जंगली हाथियों उत्पात लगातार जारी है। शुक्रवार की रात हरही गांव में करीब नौ बजे दो हाथी आ धमके। और किसानों के फसलों को आहार बनाते हुए रौंद कर भारी नुकसान पहुंचाया । हाथी आने की सूचना पर ग्रामीण एक जुट होकर खदेड़ना शुरू किया। हाथी डुमर टोली होते मलार गांव स्थित बांध पहुंचा वहां भी हाथियों ने फसल को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि हाथियों की संख्या आधा दर्जन है जो अलग अलग बट गये है और शाम ढलते ही हाथियों का झुण्ड जंगल से बाहर निकल कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। फिलहाल हाथियों का झुण्ड कदली और कुल्ली जंगल में अड्डा जमा रखें है। हाथियों के आतंक से ग्रामीण भयभीत है। हालांकि हाथियों द्वारा अभी तक किसी प्रकार जानमाल का नुकसान नही पहुंचाया है। ग्रामीणों ने वन विभाग को हाथियों के आगमन की सूचना दी गई है किन्तु विभाग द्वारा हाथियों भगाने में अब तक किसी प्रकार की पहल नही की है।

### सिल्ली में भक्ति बाऊल संगीत समारोह का आयोजन

**सिल्ली :** सिल्ली स्थित राधा माधव आश्रम में भक्ति बाऊल संगीत समारोह का आयोजन



प्रत्येक बर्ष की भांति इस बर्ष भी किया गया। जिसमें में बांकुड़ा, नदिया, पुरूलिया, वर्दमान, धनबाद, बोकारो आदि जगहों से साधु, संत यहां पहुंचे। बाऊल संत दयामय दास आदि के द्वारा भक्ति बाऊल संगीत सुनाकर दर्शकों का मन लिया। इसको लेकर सिल्ली में भक्ति का वातावरण रहा। यह जानकारी राधा माधव आश्रम के बाऊल संत ब्रज गोपाल दास ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त समारोह में विभिन्न जगहों से यहां पहुंचे साधु संतों आदि के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के अत्यधिक संख्या में ग्रामीण दर्शकगण शामिल होकर बाऊल संगीत कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस अवसर पर राधा-माधव आश्रम को आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं प्रकाश आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई।

### बस की छत से गिर कर एक युवक की मौत

**मांडर :** बस की छत से गिरकर शुक्रवार की रात को गुड़गुड़जाड़ी गांव निवासी बन्ने उरांव 35 वर्ष की मौत हो गयी. वह गांव के बुदू उरांव का पुत्र था. घटना रात करीब दस बजे की है. बताया जा रहा है कि गांव से चान्हो के गणेशपुर बारात गयी थी. वहीं से वापसी के क्रम में गांव पहुंचने पर बस के छत ऊपर नाचने के क्रम में बन्ने उरांव नीचे जमीन में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. बाद में उसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया. जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### संत थॉमस विद्यालय में अनुशासन समिति के सदस्यों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**हनवारा :** महागामा प्रखंड अंतर्गत गोविंदपुर स्थित संत थॉमस विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को छात्र नेता और अनुशासन समिति के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महागामा विधायक दीपिका पांडे सिंह रहीं जिन्होंने अपने हाथ से सत्र 2024-25 के लिए चुने गए छात्रों को कमरबंध और पहचान चिन्ह देकर पद का शपथ ग्रहण कराया। ज्ञात हो कि संत थॉमस विद्यालय अपने अनुसाशन के लिए काफी प्रसिद्ध है और इसी अनुशासन को चाक चौबंद रखने के लिए अनुशासन समिति के सदस्यों को भी पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गयी। यह कार्यक्रम हर सत्र में आयोजन किया जाता है। मौके पर उपस्थित विधायक दीपिका पांडे सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्तर पर ही बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना बेहद अनिवार्य है।

भाजपा और उसके छदम उम्मीदवारों से हम आदिवासी लड़ने और जीतने की सुखदेव भगत की हुंकार

# कांग्रेसी ही आदिवासी पहचान, सम्मान और विकास की बात करती है : बंधु तिर्की

**मांडर :** 27 अप्रैल. पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेसी ही आदिवासी पहचान, सम्मान और सही अर्थो में विकास को बरकरार रख सकती है. श्री तिर्की ने कहा कि आज देश में आदिवासी अस्मिता के साथ ही आदिवासी पहचान की स्थिति कायम रखने की पृष्ठभूमि में कांग्रेस का सबसे महत्वपूर्ण हाथ है जिसने न केवल वन संरक्षण अधिनियम, वन अधिकार कानून, पेसा कानून, पांचवी और छठी अनुसूची जैसे अनेक संवैधानिक प्रावधान किये बल्कि जमीनी स्तर पर भी जितनी भी विकास योजनाएं संचालित है उसमें से अधिकांश कांग्रेस की ही देन है.




लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडर विधानसभा क्षेत्र के मांडर प्रखण्ड के बूढाखुखरा मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी से नेतृत्व में काम कर रही सरकार केवल आपसी भेदभाव, महंगाई, बेरोजगारी आदि को बढ़ावा देकर देश में एक वैसा वातावरण कायम करना चाहती है जिसका फायदा केवल और केवल प्रधानमंत्री के कुछेक उद्योगपति मित्रों को हो. श्री तिर्की ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने देश भर में जिस वातावरण को कायम कर दिया है उसका खामियाजा देश के आदिवासियों, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अल्पसंख्यकों आदि के साथ ही सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि आज यह देश की जरूरत है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस को विजय दिलायी जाये क्योंकि आज की लड़ाई केवल राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक भी है और इसका दूरगामी प्रभाव हम सभी के भविष्य पर पड़नेवाला है. इसलिये भारत में आपसी सद्भाव, संप्रभुता, एकता, अखंडता आदि के साथ-साथ इस बात को भी ध्यान में रखा जाये कि कौन सरकार देश के सभी लोगों का समान और समन्वित विकास कर सकती है.

इस अवसर पर अपने संबोधन में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि आदिवासियों के स्वभाव में सच के लिये लड़ना है और उनके लिये यह चुनौती के साथ-साथ जीवन-मरण का प्रश्न भी है. श्री भगत ने कहा कि आज मांडर के साथ ही लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में सभी लोग सच्चे मन से लड़ने को तैयार हैं भले ही वह भाजपा का प्रत्याशी हो या उसके द्वारा खड़ा किया गया कोई नकली उम्मीदवार. श्री भगत ने कहा कि वैसी शक्तियों को पहचानने की जरूरत है जो आदिवासियों के साथ ही अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों के साथ ही सभी लोगों के बीच दीवार खड़ी करता है.

इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव न केवल झारखण्ड बल्कि देश के ख्याल से भी बहुत चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि वैसी धर्मनिरपेक्ष सरकार की जरूरत है जो सभी को समान नजरिये से देखे. श्रीमती तिर्की ने कहा कि पिछले 10 साल में सभी ने वैसी जुमलेबाजी वाली सरकार देखी है जिसने केवल और केवल झूठे वायदे किये और लोगों के बीच में दीवार खड़ी की.

महंगाई और बेरोजगारी से जनता त्रस्त है और आज जब प्रधानमंत्री खुद कहते हैं कि यह केवल टेलर है और आगे फिल्म आना बाकी है तो आप समझ सकते हैं कि हमारे संविधान के साथ ही देश पर भी खतरा है और आरक्षण खत्म करने की साजिश है. श्रीमती तिर्की ने कांग्रेस के घोषणा पत्र और विशेष रूप से युवा न्याय, किसान न्याय, महिला न्याय, हिस्सेदारी न्याय आदि की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार गठन के बाद सरना धर्म कोड को लागू करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है.

इस अवसर पर अपने संबोधन झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में अपनी जबरदस्ती और मयार्दा विहीन राजनीतिक गुंडागर्दी का परिचय दे रही है. कभी चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में उसने छल-प्रपंच की चर्चा होती है तो कभी वह कुछ और साजिश रचती है. श्री अनवर ने कहा कि संविधान और देश आज संकट में है और चारों ओर मचा हाहाकार और त्राहिमाम हम सभी को मजबूर कर रहा है कि इस सरकार को हटाकर कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार गठित की जाये. श्री अनवर ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों को जिस प्रकार से जेल भेजने की साजिश रची है वह देश के लिये खतरनाक है।

## आईआईसीएम में कोल इंडिया लिमिटेड का खनन अनुबंध पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**रांची :** कोयला मंत्रालय के निदेशों के अनुसार, खनन और सीएमसी डिवीजन के अधिकारियों लिए मैराथन प्रशिक्षण' श्रृंखला के तहत 24-26 अप्रैल, 2024 तक आईआईसीएम में कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा खनन अनुबंध पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। डॉ. बी. वीरा रेड्डी, डी(टी), सीआईएल/सीएमडी सीसीएल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए समापन भाषण के लिए सीआईएल के सीवीओ श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी को विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। डॉ. कामाक्षी रमन, कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम; श्री टी.के. मिश्रा, सलाहकार (एम एंड सी), सीआईएल; श्री गिरीश जी., जीएम





(सीएमसी), सीआईएल; और श्री एन के झा, जीएम (ई एंड एम), आईआईसीएम, आईआईसीएम अधिकारी वर्ग और टीएसडीपी कार्यक्रम के प्रबंधन प्रशिक्षु इस अवसर पर उपस्थित थे। अपने समापन भाषण में, श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीवीओ, सीआईएल ने क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण पहल की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला उन्होंने कई उदाहरणों और उपाख्यानों के साथ अपनी बातों को स्पष्ट करते हुए ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और कंपनी से जुड़े होने की भावना के महत्व को रेखांकित किया। इसके अलावा, उन्होंने इस अग्रणी कार्यक्रम की शानदार सफलता को स्वीकार करते हुए इसके आयोजन के लिए आईआईसीएम के कार्यकारी निदेशक और टीम की सराहना की।

## क्या इसी बाल वोटरों के बुते बीजेपी देश स्तर पर 400 और गोड्डा 9 लाख करेगी पार

**गोड्डा :** गोड्डा में गर्म तापमान के साथ-साथ राजनीति की भी तापमान में भारी गर्माहट दिखने लगी है। गोड्डा जहां से भाजपा के घोषित प्रत्याशी और लागातार तीन बार से सांसद रह रहे निशिकांत दुबे को प्रचार करने की जरूरत नहीं होने वाली थी,वही निशिकांत दुबे अब खुद के साथ-साथ अपने पुत्र को भी प्रचार-प्रसार के लिए क्षेत्र में उतारे हुए हैं। बीते दिनों निशिकांत दुबे के पुत्र कनिष्कान्त दुबे बसंतराय प्रखंड के कई गांव में पहुँच कर जनसम्पर्क कर रहे थे इसी दौरान वो गांव में कई जगह बैठकर जनता की राय ले रहे थे, भाजपा के साथ जुड़कर गोड्डा लोकसभा को 9 लाख से ज्यादा मत देकर और देशहित में 4 सौ सीट देकर देश में बीजेपी को मजबूती के साथ स्थापित कराने का संकल्प दिला रहे थे लेकिन इस बीच इनकी एक तस्वीर से देश के सुनहरे भविष्य,जो अभी 18 वर्ष का भी नहीं हुआ है,उसे बीजेपी टोपी पहनाया जा रहा है, ऐसे में ये समझ से परे है कि जिसे राजनीति का ना तो राज पता है ना ही नीति के बारे में ज्ञात है,यूं कहें तो देश के सुनहरे भविष्य के माथे और गले पर बीजेपी का टोपी और पट्टा देकर 9 लाख पार और 4 सौ पार का उम्मीद लगा रहे हैं,ऐसे में अब सोचनीय बात ये है कि क्या ऐसे ही नाबोध बच्चे के भरोसे केंद्र से लेकर गोड्डा लोकसभा तक बीजेपी साम्राज्य का सपना संजो रहे हैं...?आपको बता दें कि देश में अभी चुनावी महापर्व चल रहा है देश के शासन सत्ता की पैठ और डगमगाहट इसी चुनाव के नतीजे पर निर्भर करती है ऐसे में जिस बच्चे अगर अपने पेट पालने के लिए मजदूरी करने लग जाए तो वो बाल मजदूरी के दायरे में आ जाता है उसपर सख्त कानूनी कार्यवाही तक हो जाती है।

## इटकी के जल मीनार से चौथे दिन भी जलापूर्ति रहा ठप

**इटकी :** इटकी में जल संकट काफी गहरा गया है। एक तरफ जल मीनार से चौथे दिन भी जलापूर्ति नही की गई । वही अत्याधिक दोहन के कारण भूगर्भ जल दिनो दिन प्रत्येक गांवों में जल स्तर नीचे चले गये।इसका असर नदी, तलाब, बांध, चेकडेम, पोखर, कुआं जैसी जलशयों की जलस्तर में काफी गिरावट आई है या फिर सुख चुके है। वही प्रखंड के प्रायः डोभा सुख चुकें है। जलमिनार से जलापूर्ति ठप रहने से लोग अहले सुबह सभी कामकाज छोड़कर पानी के जोगाड़ में निकल पड़ते है। पेयजल के लिए लोगों में हाहाकार मची है।गत बर्ष के अपेक्षा इस वर्ष जलसंकट की काफी बढ़ गई है।

प्रखंड के नौ पंचायत के गांव के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उदेश्य से विभाग द्वारा करीब 6 करोड़ 40 लाख की लागत से सोलर जल योजना के तहत 200 जल मिनार निर्माण कराये गये। किन्तु भूमिगत जल स्तर नीचे चले जाने के कारण सभी जल मिनार खराब होकर बंद पड़े है। मरम्मती के अभाव में प्रखंड के 900 चापानल खराब पड़े हुए है।

## डब्ल्यू जोन मल्टिपरपस बोर्डिंग स्कूल में क्लब की बैठक

**पिस्का नगडी :** प्रखंड के डब्ल्यू जोन मल्टिपरपस बोर्डिंग स्कूल में शनिवार को शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की स्पोर्टिंग क्लब की बैठक क्लब के संरक्षक डॉ सुफल एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 मई से होने वाले डॉ मसीह प्रकाश एक्का मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूनामेंट के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि टूनामेंट का फाइनल मैच 19 मई को होगा, टूनामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी सभी मैच 12 ओवर के होंगे। वीनर टीम को एक लाख एक हजार रुपए और रनर टीम को एकावन हजार रुपए दिए जाएंगे इसके साथ ही मैन आफ द सिरिज, मैंन आफ द मैच सहित अन्य खिलाड़ियों कै भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में टूनामेंट में टीम की इंट्री लाइट, गाडी पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं पर भी चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। मंच संचालन मेलोडियस पियर्सन एक्का तथा धन्यवाद ज्ञापन केशव कुमार भगत ने किया। मौके पर विजय धान, सुभाष भारती, ऐनूल हक, ईंबेसाद, प्रियंका विस्वास, अरसद अंसारी, मंगल उरांव, समीर खलखो, ऐनुल अंसारी, अल्फ्रेड लकड़ा, राजू, फैसल, तौसिफ, लाला चौधरी, आरिफ सहित कई लोग उपस्थित हुए। 09

ग्रामीणों को आवाज उठाने पर सड़क जल्दी बन जाने का कई वर्षो से आश्वासन देते आ रहे है जनप्रतिनिधि

# चैनपुर रंका मुख्य मार्ग सड़क का दयनीय है स्थिति

**चैनपुर पलामू :** चैनपुर मुख्यालय से चैनपुर रंका मुख्य मार्ग का हालात काफी जर्जर है जिसका ग्रामीणों ने कई बार आवाज उठाया। चैनपुर-रंका मुख्य मार्ग सड़क चैनपुर थाना से निमियां, नेउरा,सेमरा,सलतुआ, लोहरसिमी समेत दर्जनाधिक गांव आते हैं। सालों से इस सड़क का निर्माण नहीं होने से पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। यहां तक इस सड़क की मरम्मत तक नहीं कराई गई है। इस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बीमार महिला पुरुष व गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाने समय काफी परेशानी का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है और सड़क पर बड़ा बड़ा गड्ढे होने के कारण दो पहिया चार पहिया वाहनों को चलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं आए दिन गड्ढे के कारण दुर्घटना होती रहती हैं।लेकिन इस सड़क का सुद्धि लेने के लिए आज तक नहीं शासन प्रशासन का ध्यान गया और नहीं कोई भी जनप्रतिनिधि आगे आए जबकि इस सड़क से प्रतिदिन अधिकारियों का आवागमन लगा रहता है और वहीं उच्चे ओहदे पर बैठे जनप्रतिनिधि का भी आना जाना लगा रहता हैं लेकिन आंख बंद किए आना जाना वर्षो से करते आ रहे हैं लेकिन आज तक सड़क का खस्ताहालत देखते हुए भी सड़क को बनाने के लिए किसी ने रुचि नहीं दिखाई और जब चुनाव का समय नजदीक आ जाता हैं तो जनप्रतिनिधि विकास का ढिंढोरा गली गली में पीटते थकते नहीं, ऐसा खस्ताहालत दुर्भाग्यवश चैनपुर रंका मुख्य मार्ग का हैं। इस मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों का भी आवागमन होने से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है इस मार्ग पर आए दिन कोई ना कोई वाहन चालक चोटिल हो रहा है सड़क पर भारी वाहनों के दबाव के कारण हालत ज्यादा खराब हुई है। फिर भी जानजोखिम में डालकर दो पहिया, चार पहिया और पैदल यात्री धूल फाकते हुए शहर जाने पर मजबूर हैं।

**डोमन प्रसाद, ग्रामीण, चैनपुर** के अनुसार चुनाव में सभी नेता वोट मांगने के लिए आते हैं लेकिन सांसद विधायक बनने के बाद नजर नहीं आते हैं। अगर सांसद विधायक अपने कार्यो के प्रति ईमानदार होते तो चैनपुर से लोहरसिमि सड़क की यह हालत नहीं होती।



**मुनि लाल कश्यप, ग्रामीण, चैनपुर** के अनुसार यहां की जनता लगभग दशकों से, सड़क बनने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। विभाग की लापरवाही और नेताओं की ढीले रवैया के चलते सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है।



**चैनपुर निवासी देवेंद्र ठाकुर** का कहना है कि चैनपुर से रंका



मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल हैं। सड़क के कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर बरसात के मौसम में इस सड़क पर चलना दुर्लभ हो जाता है।

## ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

विशेष संवाददाता

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं से पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। श्री सहाय शनिवार को ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत मुन्ना पतरा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियों को जनसंपर्क अभियान के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना है और लोकसभा चुनाव में इंडिया



गठबंधन के प्रत्याशियों को विजयी बनाना है।

उन्होंने कार्यकताओं को चुनावी तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। मौके पर खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के माध्यम से घर-घर पहुंचकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिस सूचित करने की दिशा में कार्य करना है उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को कांग्रेस प्रत्याशी को व्यापक जन समर्थन दिलाने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर रांची संसदीय सीट से कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सभी कार्यकताओं से तन मन से धन संपर्क अभियान में जुट जाने की अपील की। बैठक में ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार, जिला सचिव प्रेमनाथ मुंडा, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष बलराम महतो, जिला महिला सचिव सुधा देवी, पंचायत समिति सदस्य रीना मुंडा, ओरमांझी प्रखंड कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शफीउल्लाह अंसारी, विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो, महिला अध्यक्ष अनीता देवी, मुखिया दशनी मिंज, कांग्रेस पार्टी के अशफाक अंसारी, तौहिद आलम, बलराम बेदिया, अनाम अंसारी, सुनील उरांव, देवेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा की डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**बुंडू :** खूंटी संसदीय सीट के इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने संयुक्त रूप से शनिवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुंडू प्रखंड के दामी, कोलेगहातू, लाबगा, हांजेद, हुसेरहातू, पानसकम, दशम फॉल, लोवाहातू, चुरगी, सारजमडीह, दारूहातू, बारूहातू, तिरिलडीह, रेदा,



कोड़दा, हुमता, ऐदेलहातू आदि दर्जनों गांवो में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुये महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील किये। ग्रामीणों ने प्रत्याशी और तमाड़ विधायक का गांवो में भव्य स्वागत किया। इंडी गठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल काम की राजनीति करती है। भाजपा धर्म, जाति, मंदिर-मस्जिद, भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। लेकिन काम की राजनीति नहीं की। कांग्रेस की जीत होते ही तेज रफ़्तार से धरातल पर दिखेगा विकास कार्य, यह मेरी गारंटी है। पिछले 10 वर्षों में खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। विकास के नाम पर लोगो के साथ सिर्फ धोका हुआ है। ग्रामीणों को संबोधित करते हुये विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा ने जनता को छलने का काम किया है। भाजपा के स्थानीय सांसद आकर घोषणा करते है और भूल जाते है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियो के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होने भाजपा के पूर्व सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताकर कहा की अब जनता को समझ जाना चाहिए की कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होने जनता से इंडी गठबंधन के पक्ष में वोट कर जन समर्थन मांगा।

## आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित

**पिस्का नगडी :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाने वाली सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में तरह तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी के तहत शनिवार को कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती



विद्या मंदिर में शनिवार को आर्ट और क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कला के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा के प्रति भी जागरूकता फैलाना है। वगार्नुसार सभी विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और तरह तरह के क्राफ्ट बनाए। शिशु वर्ग के विद्यार्थियों ने आइसक्रीम स्टिक से अनेक आकर्षक क्राफ्ट बनाया जिसमें नाव, पेन स्टैंड, फोटो फ्रेम आदि बनाया जो देखने में काफी सुंदर लग रहा था। बाल वर्ग के विद्यार्थियों ने माचिस की तिल्लियों से कई सुंदर डिजाइन बनाए जिसमें वॉल हैंगिंग, सजावट के लिए झालर आदि जैसे अनेक चीजों का निर्माण किया। किशोर और तरुण वर्ग में विद्यार्थियों ने आर्ट और क्राफ्ट के लिए कपड़े, रूई और जूट के उपयोग से हैंड बैग, कढ़ाईदार रुमाल, सॉफ्ट टॉयज( कोमल खिलौने) जैसे चीजों का निर्माण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने कहा की इससे बच्चों में व्यवसायिक शिक्षा के प्रति जागरूकता आयेगी और भविष्य में हमारे विद्यालय के विद्यार्थी आत्मनिर्भर हो सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में निश्चित रूप से सकारात्मक प्रतियोगिता का विकास होता है। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए विद्यालय के सभी आचार्य दीदी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## संक्षिप्त

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह 28 को चंद्रपुरा में

**रांची :** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तेलो, बाजार टांड में रविवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में पूर्व उप मुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। इस दौरान कई क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और कई समाजसेवी सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

### चोरी के बाइक के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान दो अपराधियों मंगरा उर्फ गुड्डु और बिटु उर्फ मो अमीर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक बाइक, 85 ग्राम गांजा, दो सोने की चेन, एक टूटा हुआ सोने का चेन, तीन मंलगसूत्र और एक पीस कान का बाली बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि हिन्दपीढी थाना पुलिस ने मारवाडी कॉलेज के पास एंटी काइम चेकिंग लगाया था। इसी दौरान एक काला रंग के बाइक पर तीन व्यक्ति सवार होकर आ रहे थे। पुलिस को देख कर वे लोग आचानक बाइक को घुमाकर तेजी से भागने का प्रयास करने लगे। उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से दो लोगों को पकडा पकडा गया। जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। पकडे गये दोनों अपराधियों से पूछताछ करने पर उसने अपने साथी का नाम मो जावेद उर्फ आलू बताया।8

### गुमला जिले के सिसई थाने का मुंशी घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**रांची :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची की टीम ने शनिवार को गुमला जिले के सिसई थाना के मुंशी को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।
इस संबंध में रांची के ईटकी निवासी सौरभ कुमार गुप्ता ने लिखित आवेदन दिया था कि उन्हें एक मामले में सिसई थाना के जरिये गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के समय सौरभ का मोबाईल, लैपटॉप एवं अन्य समान को सिसई थाना ने जब्त किया था। न्यायालय से जमानत लेने के बाद जब्त सामानों का रिलीज आर्डर लेकर सौरभ जब सिसई थाना गये तो सामानों को रिलीज करने के एवज में सिसई थाना के मुंशी मधुसूदन झा ने उनसे दस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसबी टीम ने शनिवार को मधुसूदन झा को नौ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।9

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को सात साल की सजा

**रांची :** स्पेशल चिल्ड्रेन कोर्ट ने शनिवार को नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास करने के मामले में जेल में बंद दोषी नाबालिग को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दोषी नाबालिग पर नाबालिग को बहला-फुसला कर दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने सदर थाने में नौ जून, 2020 को केस दर्ज कराई थी। आरोपित को पुलिस ने जब गिरफ्तार किया था तब उसने उम्र 15 साल बताई थी। इसी आधार पर पुलिस ने उसे डुमरदगा स्थित रिमांड होम भेज दिया था। साथ ही मामले की सुनवाई के लिए जुवेनाइल बोर्ड भेज दिया गया था। बाद में आरोपित की उम्र 16 साल से अधिक निकली, जिसके बाद मामले की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली थी।

### रांची में स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी, 15 बच्चे घायल

**रांची :** रांची के मांडर थाना क्षेत्र के ब्रांबे स्थित वाटर पार्क के समीप एक स्कूल बस शनिवार को अनियंत्रित होकर पलट गयी। इसमें 15 बच्चे घायल हो गये हैं। एक को सिर में गंभीर चोट लगी है। जानकारी के अनुसार बस संत मारिया स्कूल की है। मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार स्थानीय लोगों के साथ बच्चों को बस से निकालकर मिशन अस्पताल ले गए हैं, जहां बच्चों का इलाज कराया।

# रांची में बर्ड फ्लू संक्रमित दो चिकित्सकों सहित छह को किया गया क्वारंटाइन

**रांची :** राजधानी रांची के होटवार इलाके में बर्ड फ्लू (एच5एन1) फैला हुआ है। प्रशासन ने इससे निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रभावित इलाका क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र होटवार में है। एहतियात के तौर पर वहां के दो चिकित्सकों समेत छह लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। कुक्कुट प्रक्षेत्र के आसपास के इलाके को कंटोनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है।
इस बाबत प्रक्षेत्र के डॉ. गणेश ने बताया कि प्रतिबंधित जोन के एक किमी के रेडियस में मुर्गी, बत्तख और अंडों को जब्त कर नष्ट करने का काम किया जा रहा है। साथ ही लोगों को अलर्ट किया गया है।




उन्होंने बताया कि बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम रांची आयी थी। टीम ने बर्ड फ्लू के नमूने एकत्रित किए हैं, जिसकी जांच की जायेगी।
जानकारी के मुताबिक, संक्रमण शहर के दूसरे इलाकों में ना फैले इसके लिए जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। दिल्ली से आयी केंद्रीय जांच टीम के प्रमुख डॉ. रजनीश गुप्ता ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि होटवार के एक किमी के इलाके में अंडे, मुर्गी और बत्तख की बिक्री पर रोक लगा दिया गया है। यह रोक तब तक जारी रहेगी जब तक कि स्पष्ट नहीं हो जाता कि बर्ड फ्लू के वायरस खत्म हो गए हैं।
डॉ रजनीश गुप्ता ने लोगों से आग्रह किया है कि बर्ड फ्लू की वजह से ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बस सावधानी बरतने की जरूरत है, जिन लोगों के घरों आसपास मुर्गी पालन किया जाता है, उन्हें अलर्ट रहने की जरूरत है। यदि उन्हें तेज बुखार, गले में खराश, सर्दी-जुकाम, बदन दर्द, भूख में कमी जैसे लक्षण होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलना चाहिए।

# बर्ड फ्लू के मद्देनजर रांची में मुर्गियां अंडे और बतख किए जा रहे नष्ट

**रांची :** राजधानी रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य लगातार जारी है।
इस बाबत डॉ गणेश महली ने बताया कि टीम लगातार इलाके में अपना काम कर रही है। अबतक 1800 मुर्गी, अंडा 1697 और 451 बतख डिस्ट्रॉय किया गया है।
उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किये गये नमूनों में एच फाइव एन वन की पुष्टि के बाद रांची उपायुक्त




राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा, मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद और अण्डा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।

# सीआईडी ने दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**रांची :** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार साइबर अपराधियों में दुमका जिला के रहने वाले साजिद अंसारी और बनकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को सीआईडी ने गिरफ्तार किया है। सीआईडी की साइबर सेल की टीम ने यह कार्रवाई की है।
इस संबंध में 20 फरवरी को रांची





देवघर जिला के रहने वाले जमालुद्दीन अंसारी शामिल है। इनके पास से पांच मोबाइल, छह सिम कार्ड, तीन पासबुक, एक चेकबुक, एक एटीएम और एक पेनकार्ड बरामद किया गया है।
साइबर क्राइम थाना की डीएसपी नेहा बाला ने बताया कि मीशो एप का कस्टमर केयर एग्जिक्यूटिव के साइबर क्राइम थाने में एक महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिक्की में बताया गया था कि अज्ञात साइबर अपराधियों की ओर से मीशो एप का कस्टमर केयर बनकर एनी डेस्क एप्लीकेशन डाउनलोड करा कर दो लाख छह हजार 496 रुपये की ठगी कर ली गई थी।

# चौथे चरण के चुनाव के लिए वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव के लिए लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्रों में वोटर इनफार्मेशन स्लिप का वितरण शुरू हो चुका है। बीएलओ घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी चाहें तो वह बीएलओ के साथ वोटर स्लिप वितरण देखने के लिए साथ जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को निर्वाचन सदन, रांची, धुर्वा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने बताया कि वोटर इनफार्मेशन स्लिप में मतदाता का नाम, बूथ संख्या और स्थान, मतदाता को मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है तथा गूगल मैप के साथ बूथ का लोकेशन भी रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण के दौरान यह भी सर्वे




करेगा कि कितने लोगों के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है। मतदाता को मतदान के लिए इस स्लिप के साथ वोटर आइडी कार्ड ले जाना होगा। मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में आयोग द्वारा मान्य 12 तरह के पहचान पत्र मतदान के लिए ले जाना होगा।
वोटर इनफार्मेशन स्लिप वितरण की निगरानी भी की जाएगी ताकि शत-प्रतिशत वोटर तक यह सुविधा पहुंचे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारी भी संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में जाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि वोटर स्लिप का वितरण सुचारू ढंग से हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पारदर्शी मतदान के लिए एएसडी (ऐबसेंट, शिफ्ट, डेथ) की भी सूची बनाई गई है ताकि अनुपस्थित, दूसरी जगह जा चुके या जिनका निधन हो चुका है, उनके नाम पर बोगस मतदान की आशंका नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बीएलओ भी मतदान केंद्र पर रहेंगे ताकि स्थानीय होने के कारण मतदाता की सही पहचान सुनिश्चित हो सके। सभी बूथों पर 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को वालेंटियर्स के रूप में रखा जाएगा। ये जहां मतदाताओं को गाइड करेंगे, वहीं भविष्य के कुशल मतदाता के रूप में तैयार होंगे। ऐसे वालेंटियर्स का चयन कर ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है।

### जी.डी नेशनल स्कूल में समर फ्रूट डे एवं फैंसी ड्रेस का आयोजन

**इचाक :** जी.डी नेशनल स्कूल इचाक में बच्चों के बीच फ्रूट डे एवं फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। इस भीष्म गर्मी को देखते हुए बच्चों के शरीर में पानी की कमी ना हो इसको देखते हुए रसीले फल के बारे मे जानकारी एवं उसे खाने को देखकर उसकी महता एवं उपयोगिता के




बारे में पूर्ण जानकारी उप्लब्ध करायी गयी । साथ ही सभी बच्चों को स्कूल आते समय पानी की बोतल साथ रखने एवं धूप में बाहर नहीं निकलने एवं खाली पेट नही रहने की भी जानकारी दी गई।
कार्यक्रम में बच्चों को फ्रूट डे के साथ-साथ फैंसी ड्रेस एवं रैम्प भी कराया गया। स्कूल के निर्देशिका श्वेता ने बच्चों को गर्मी में होने वाली दिक्कतें परेशानी एवं उसके बचाव के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी उपलब्ध कराई। इस उपलक्ष में स्कूल के टीचर मीनाक्षी, अलीशा, साजिदा, नूतन, पूनम, ज्योति, निकिता ,सुप्रिया, रवि की भूमिका अहम रही।

### अकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी ने दाखिल की जमानत याचिका

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में बिल्डर सह जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्याकांड के मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर ने शनिवार को जमानत याचिका दाखिल की। अदालत ने मामले में सुनवाई की तिथि 29 अप्रैल निर्धारित की है।
आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर षड्यंत्र रचकर अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को शूटरों ने ऑफिस से घर लौटने के दौरान अकाउंटेंट संजय कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्या की घटना के बाद एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 11 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले में सभी आरोपित जेल में हैं। मामले के आरोपित डब्लू कुजूर, उसके भाई छोटू कुजूर और बेटा राहुल कुजूर की जमानत याचिका अदालत से खारिज हो चुकी है।

# मेडिका सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची में जटिलतम हृदय रोग का सफल ऑपरेशन कर युवक की बचाई जान

**रांची :** चतरा निवासी 27 वर्षीय अजय कुमार दांगी कई महीनो से कई हॉस्पिटल का चक्कर लगाने के बाद अंत में भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल रांची के संपर्क में आया, उसकी आयोटा (महाधमनी) जिसकी सामान्य में लंबाई मात्र 2 सेंटीमीटर होती है जो बढ़कर 10 सेंटीमीटर हो गई थी, जिससे कभी भी फटने की संभावना थी, अन्य अस्पताल में हृदय रोग की जटिलता को देखते हुए असमर्थता जताई थी, मेडिका हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित हृदय रोग सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार ने न सिर्फ इस गंभीर स्थिति का निदान किया बल्कि अत्यधिक जटिल माने जाने वाली बेंटल प्रक्रिया द्वारा आयोटा (महाधामनी) वाल्व को वाल्वयुक्त ग्राफ्ट से बदलने का निर्णय लिया। मेडिका के एवीपी




अनिल कुमार ने बताया कि मरीज की आर्थिक स्थिति को देखते हुए मेडिका अस्पताल ने न केवल इलाज की जिम्मेवारी ली ब्लीक उसे बिना आर्थिक बोझ के सफलतापूर्वक अंजाम दिया।
यह ऑपरेशन झारखंड में इस प्रकार का पहला सफल हृदय सर्जरी है जो आयुष्मान भारत योजना के तहत किया गया, इस उपलब्धि में अस्पताल ने न केवल चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित की है, बल्कि यह भी दिखाया है कि प्रत्येक व्यक्ति को उचित और योग्य चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकती है।
स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में हमारे प्रयास समाज के हर वर्ग तक पहुंच सके इसके लिए मेडिका सतत सेवारत है। मरीज को एक सप्ताह की चिकित्सिय देख-रेख के बाद हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया, उपरोक्त बाते एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी गयी।

## चैती दुर्गा मंदिर में आयोजित भंडारा में शामिल हुए सुबोधकांत सहाय

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध का आंसर है राजधानी के कचहरी रोड स्थित चैती दुर्गा मंदिर भुतहा तालाब में आयोजित भंडारा मैं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से हमारे अंदर आंतरिक ऊर्जा का संचार होता है और ईश्वर का सानिध्य व



शामिल हुए और श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का प्रसाद वितरण किया। भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
इस अवसर पर श्री सहाय ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक- आशीर्वाद पाने का मार्ग प्रशस्त होता है। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिंह दीपू, पूर्व पार्षद राजन वर्मा, कांग्रेस नेता कुमार राजा, अमरेंद्र सिंह, रिंकू वर्मा, लल्लू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### भीषण गर्मी को देखते हुये पानी का बॉटल, फ्रुटी, बिस्कुट का वितरण



**रांची :** किड्स पार्क प्ले स्कूल डेला टोली कोकर द्वारा रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण मे सुबह आठ बजे स्कूल की प्रचार्या प्रीति सिंह एवं स्कूल के बच्चो के द्वरा भीषण गर्मी को देखते हुये पानी की बॉटल, फ्रुटी, बिस्कुट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे शिक्षिका रोहनी टोप्पो, ज्योति टोप्पो तथा समाज सेविका पूनम देवी उपास्थित रही।

### बिना नर्सो के हॉस्पीटल की कल्पना तक नही की जा सकती -जैनेन्द्र कुमार तथागत

**रातू :** जैनेन्द्र ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा संचालित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज बिजुलिया रातू में शनिवार को फ्रेशर पार्टी एवं लैम्प लाइटिग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजीव रंजन लाल,कॉलेज के निदेशक जैनेन्द्र कुमार तथागत उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक जैनेन्द्र कुमार तथागत ने कहा कि आज किसी भी हॉस्पीटल में नर्सो की भुमिका से इंकार नही किया जा सकता।बिना नर्सो के हॉस्पीटल की कल्पना तक नही की जा सकती।किसी भी चिकित्सक के सफलता की कहानी नर्सो से ही शुरू होती है। आज के चिकित्सा युग में नर्सो का दायित्व काफी बडा है। इससे पूर्व 2023-27 के प्रवेशित बीएससी नर्सिंग के छात्राओ को प्राचार्या संध्या खलखो ने शपथ ग्रहण कराया। इसके बाद छात्राओ ने परिचय देने के साथ ही रैम्प पर चलकर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर राज सिंह व मिस फ्रेशर भारती कुमारी को चुना गया।



कार्यक्रम का संचालन श्रृष्टि एवं सोनित ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी कृष्णकांत सिंह, हरिमोहन सिंह, मंजुर आलम, हिमांशु सिंह, प्रियांश कुमार, निकिता कुजुर आशीष कुमार, आरपी सिंह, जुगनु कुमार, अभिषेक गुप्ता, कुंदन कुमार, साकिब आलम, अमरजीत, मधु, लक्ष्मी, राखी, गीता, अर्पिता, रूचि, सपना सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### बाबूलाल मरांडी 28 को लोहरदगा और पलामू में करेंगे जनसभा

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को पलामू और लोहरदगा में जनसभा को संबोधित करेंगे। मरांडी छतरपुर विधानसभा के किशनपुर मध्य विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को 11 बजे संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा के भंडरा में ठाकुरबाड़ी के सामने आयोजित जनसभा को तीन बजे संबोधित करेंगे।

# अफीम और ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**रांची :** रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस लगातार अवैध नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने दो नशा कारोबारियों




को अफीम और ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है।
इनमें नजरूल आलम उर्फ सोनू और अरशद अयूब उर्फ विक्की शामिल है।
इनके पास से अफीम 37.50 ग्राम, ब्राउन सुगर 10.66 ग्राम, 32 हजार 300 रुपये नकद, तीन मोबाईल, एक स्कूटी बरामद किया गया है। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में दी।

### अफसर अली की दो दिनों की रिमांड अवधि बढ़ी

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में 12 दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद अफसर अली को ईडी की विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में शनिवार को पेश किया। ईडी ने अफसर अली से और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए दो दिनों की और रिमांड देने का कोर्ट से आग्रह किया। इस पर अदालत ने दो दिनों की रिमांड प्रदान की। ईडी ने अफसर अली को 8.46 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़ा मामले में रिमांड पर लिया था।

# भाजपा ने सोसाई मैदान में भरी हुंकार भारी मतों से जीतने का किया दावा

**मांडर :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मांडर स्थित सोसई आश्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी ने सभी वर्गों के लिए काम किया है। किसी भी वर्ग को नहीं छोड़ा। सबके विकास के लिए काम किया। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। यह सिर्फ नारा नहीं है। उन्होंने ऐसा करके दिखाया है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री का मकसद भारत को विकसित और समृद्ध भारत बनाना है। जब वह विकसित और समृद्ध भारत की बात करते हैं तो सभी लोगों को न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध करने की बात करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने इस दिशा में काम शुरू किया। पहले लोगों के लिए घरों में शौचालय उपलब्ध कराया। गैस कनेक्शन की सुविधा दी। घर-घर में बिजली पहुंचाई। अब लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।
वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के



प्रत्याशी समीर उरांव ने भी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में सेवा के चलते आया हूं। पहली बार ऐसे प्रधान मंत्री मिले हैं जो समाज के लिए करता है। अगर हमको आप अवसर देते है तो आपके आवाज को दिल्ली में उठा सकूं और आपका हित में कार्य कर सकूं। आप लोग मुझे एक बार सेवा का मौका दें। सभा को लोहारदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारा देश कितना आगे बढ़ गया है। इसे हमे सोचने समझने की जरूरत है। उन्हें जिताने के लिए अभी कार्यकर्त्ता को एकजुट होकर मोदी जी के बारे बताना होगा ।उनकी उपलब्धि को गिनाना होगा। पूर्व विधायक गंगोत्री को जोर ने भी संबोधित किया। मौके पर खदी उरांव, अशोक साहू, सतन्नाद सिंह, विजय महतो, राम बालक ठाकुर, अरविंद सिंह, मुकेश प्रसाद, राजनाथ सिंह, अविनाश गुप्ता, कैलाश साहू, अमरनाथ महतो, पवन साहू, भोगेन सोरेन, सोनी तबस्सुम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# गोला रेलवे फाटक के समीप दुकान में घुसकर अपराधियों ने 85 वर्षीय बुजुर्ग का गला रेता

**लूटपाट की नीयत से घुसे थे अपराधी, पुलिस कर रही जांच-पड़ताल**

**फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने सीएम से की कार्रवाई की मांग**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियातू मार्ग में रेलवे फाटक के समीप लूटपाट की नीयत से दुकान में घुसे अपराधियों ने एक बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। इस मामले की पुष्टि करते हुए शनिवार को रामगढ़ एसपी डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि यह घटना शुक्रवार की देर रात की है। बरियातू गांव में 85 वर्षीय बुजुर्ग बंशी सोनार अपने घर में ही मौजूद थे। घर के बाहर ही उनकी एक दुकान भी है। परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में शामिल होने के लिए रजरप्पा मंदिर गए हुए थे। इसी दौरान दुकान में लूट की मंसा से घुसे अपराधियों ने वहां तांडव मचाया। जब बंशी सोनार ने अपराधियों का विरोध किया तो उनलोगों ने



गला रेतकर उनकी हत्या कर दी। घटनास्थल के अगल-बगल कई दुकान है, लेकिन किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लगी। घटना के बारे में तब पता चला जब परिजन रजरप्पा से वापस आकर दुकान का शटर उठाए तो देखा कि उनके पिता मृत अवस्था में दुकान के अंदर पड़े हुए हैं और सामान बिखरा पड़ा है। अब इस हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़ जारी है। पुलिस को संदेह है कि आसपास के ही कुछ लोग इस वारदात को अंजाम देने में शामिल हैं। उन्हें इस बात की पक्की खबर थी कि घर में कोई नहीं है और वहां आसानी से चोरी एवं लूटपाट की जा सकती है। लेकिन बंशी सोनार द्वारा किया गया विरोध और पहचान लिए जाने के डर से अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। शनिवार को भी पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी रही। उधर, शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शनिवार को गोमती नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने सीएम से की कार्रवाई की मांग

गोला में बर्तन व्यवसायी बंशी सोनार की गला रेतकर हत्या करने के मामले को लेकर फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने मुख्यमंत्री, डीजीपी और रामगढ़ एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने व्यवसायियों पर हो रहे हमले पर प्रशासन से सख्ती से निपटने की मांग की है। जबकि फेडरेशन के महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह ने अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में छात्र छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**अपनी संस्कृति एवं शिक्षा को कभी ना भूले: आलोक अग्रवाल**



**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति स्थित रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को पूर्व छात्र परिषद के द्वारा कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व छात्र परिषद के सहसंयोजक आलोक कुमार अग्रवाल मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व प्रार्थना सभा में सामूहिक वंदना किया। जिसके बाद कक्षा दशम के छात्र छात्राओं के साथ चर्चा परिचर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आलोक अग्रवाल ने बच्चों के बीच रहकर उनके समस्याओं से अवगत हुए। विद्यालय में क्या दिक्कत उनको आ रही हैं, उनको निवारण करने के लिए बच्चों से बातचीत किए। साथ ही सभी बच्चों को यह उपदेश भी दिये की आप अपने निर्धारित समय से अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करें। जो भी संस्कार अपने विद्यालय से दी जा रही है, उस संस्कार एवं संस्कृति को ना भूले और अपने मैट्रिक की पढ़ाई को ध्यान लगाकर पढ़ें ताकि आपका रिजल्ट अच्छे से अच्छे हो सके और अपने विद्यालय का नाम रोशन हो सके।

## डीटीओ ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान, 11 वाहनों से वसूले गए 2 लाख 54 हजार जुमार्ना



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार की रात्री जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण, ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं, जांच के दौरान कुल 11 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई। जिसमे कुल 2 लाख 54 हजार रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने सभी वाहन चालकों से अपील किया कि सभी वाहन चालक अपने-अपने वाहन के पीछे रिफ्लेक्टिंग टैप का प्रयोग जरूर करें। ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काम किया जा सके। मौके पर मुख्य रूप से जांच के दौरान विक्की आनंद, पुलिस बल के जवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने फिर किया दो कुख्यात अपराधियों को जिला बदर

**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार के न्यायालय द्वारा झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत विधि व्यवस्था व लोक शांति बनाए रखने एवं अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रदीप पासवान भुरकुंडा एवं कुख्यात अपराधी दीपक धोबी उर्फ दीपक रजक( जयनगर, पतरातू के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। दोनो अभियुक्तों को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित जिला बदर किया गया है। अभियुक्तों को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा। अगले छह माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूवार्नुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

## छावनी क्रिकेट ग्राउंड में क्रिकेट लीग मैच का आयोजन

**क्वार्टर फाइनल मैच जीतकर सिमडेगा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह**




**रामगढ़।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 का छावनी क्रिकेट ग्राउंड में शनिवार को सिमडेगा बनाम पाकुड़ के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। पाकुड़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। सिमडेगा पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 41.3 ओवर में 196/10 विकेट खोकर रन बनाया। जिसमें अधर्व कुमार के 62 रन एवं अंकित राज 34 रन, एवम फैजान खान 22 रन किया। पाकुड़ की ओर से गेंदबाज जफर अहमद 7.3 ओवर में 44/5 विकेट एवं जय रजक 10 ओवर में 49/2 विकेट, सुमीत सिंह 10 ओवर 30/2 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी पाकुड़ ने 43.2 ओवर में 139/10 बनाकर ऑल आउट हो गई। उनके मुख्य बल्लेबाज अर्जुन गोश्वामी 37 रन, दिबांकर कुमार 28 रन, चिंटू सिंह 22 रन जय रजक 16 रन ही बना पाए। क्वार्टर फाइनल विजेता बना सिमडेगा 57 रन से की मैच का विजेता बना। सिमडेगा की ओर से गेंदबाज फैजान खान 6.2 ओवर 12/4 दर्श जुरेल 9 ओवर में 22/2 विकेट, सूर्योत्तम कुमार 3 ओवर 9/2 विकेट अपने खाते मै डाले। सिमडेगा 57 रन से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे। जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार ने किया। मैच ऑब्जर्बर सुब्रोतो घोष, रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू, सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, सयुक्त सचिव वीरेंद्र प्रसाद पासवान, रोहित कुमार, सहसचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह, पवन कुमार साहू, महेंद्र राणा उपस्थि थे।

## फल दुकान में लगी आग, हजारो का नुकसान



**भुरकुंडा।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत रीवर साईड मेन रोड स्थित फल दुकान में बीती रात्रि असमाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई। आग लगने के कारण दुकान में रखे हजारो रुपयों का फल और दुकान जलाकर राख हो गया। घटना के बाद दुकान के संचालक मो. इबरार ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान दुकानदार मो. इबरार ने बताया कि रोज की तरह रात्रि करीब नौ बजे दुकान बंद कर घर चला गया। इसी दौरान रात्रि में दुकान के आसपास रहने वाले लोगों ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना के बाद जब दुकान पहुंचा तो देखा कि आग की लपटें काफी तेज है। जिसके बाद फायर ब्रिगेड से संपर्क किया गया। जिसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मो. इबरार ने बताया कि दुकान में अंगूर, सेव, संतरा, तरबूज, केला, कच्चा नारियल सहित हजारो रुपयों के फल जल कर नष्ट हो गया। इधर फल दुकान में आग लगने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**बच्चों में बड़ों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान का भाव विकसित करना उद्देश्य : फणींद्र नाथ झा**

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची विभाग प्रमुख फणींद्र नाथ झा, प्राचार्य उमेश प्रसाद, आनंद महतो, उमेश महतो एवं राजकुमारी देवी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया। दादा-दादी, नाना-नानी को उनके नाती-पोते एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पैर प्रक्षालन, आरती, तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा गीत, नृत्य, माइम एक्ट आदि की प्रस्तुति की गई। विभाग प्रमुख फणींद्र नाथ झा ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कारों के प्रति रुचि एवं अपने से बड़ों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव




विकसित करना है। वहीं प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि दादा-दादी, नाना-नानी ईश्वर के रूप होते हैं। उनका हमें सदैव सम्मान करना चाहिए। अतिथियों का सत्कार एवं बड़ों का सम्मान करना हमारी प्राचीन सभ्यता रही है। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए सभी दादा-दादी एवं नाना-नानी को स्वामी विवेकानंद की पुस्तक और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 दादा-दादी एवं नाना-नानी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्या गायत्री कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन बच्चूलाल तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना, शुक्ला चौधरी, ललिता गिरी, दुर्गा प्रसाद, अमरदीप शाहदेव, डॉ. गायत्री पाठक, शम्मी राज, दिलीप सिंह, अमृता चौधरी, ज्योति राजहंस, ममता कुमारी, कुमारी सुमन, मालविका, अंकिता रानी, मनीष सिंह, अमित झा, शशिकांत आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## सीसीएल कर्मी ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या

**बरकाकाना।** केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के इलेक्ट्रिकल शॉप में पदस्थापित 40 वर्षीय राजेश कुमार मिश्रा ने अपने आवास संख्या वन बी 20/05 में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना बीते शुक्रवार संध्या लगभग सात बजे की है जब घर के सभी सदस्य बाहर गए थे तभी एकांत समय पाकर राजेश मिश्रा ने पंखा के सहारे रस्सी से फांसी लगा ली।



राजेश मिश्रा की पत्नी संतोषी मिश्रा और अन्य सदस्य जब घर लौटे तो राजेश को रस्सी के सहारे पंखे के नीचे लटका पाया।परिवार के सदस्यों द्वारा हल्ला करने पर आस परोस के लोग मृतक के घर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने पर बरकाकाना ओपी के सब इंस्पेक्टर विकास आर्यन दल बल के साथ मृतक के घर पहुंच कर कागजी प्रक्रिया पूरी की। ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। घटना के संबंध में बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली ने बताया प्रथम द्दष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है लेकिन मौत के कारणों का सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। मृतक के सहकर्मियों ने बताया मृतक का मूल निवास स्थान देहरादून उत्तराखंड में है। लोगो ने बताया मृतक पिछले कुछ महीनो से मानसिक तनाव में रहता था। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## उच्च विद्यालय सौंदा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**भुरकुंडा।** लोकतंत्र का महापर्व आगामी लोकसभा चुनाव पर मतदान होने वाला है। साथ ही सरकार द्वारा मतदान जागरुकता को लेकर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान कर सके। इसी कड़ी में शनिवार को सौंदा डी पंचायत के उच्च विद्यालय सौंदा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया उपेंद्र शर्मा ने मतदान के प्रति मौजूद लोगों व विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मौके पर पंसस प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, पंचायत सचिव खुशबू रानी, अंजली देवी, पुजा देवी, अनुज खत्री, मटुक राम, सरिता कुमारी, सुनीता देवी, पुनम देवी, मुन्नी देवी, गीता देवी अरविंद ओझा, पुनम देवी, पुजा देवी, सिता देवी, साखो देवी सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## मतदान से ही रखी जा सकती है मजबूत लोकतंत्र की नींव : डॉ. महेंद्र पांडेय

**भुरकुंडा।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता के तहत शनिवार को जुबिली कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा युवा अगामी लोकसभा चुनाव में अपना मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र का नींव रख सके।




इस दौरान 18 वर्ष पूरा कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही नए मतदाताओं से अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेंद्र पांडेय ने नए मतदाताओं को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि एक-एक मतदाता के मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साथ ही श्री पांडेय ने छात्र-छात्राओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. अरूण कुमार सिंह झा, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. बी रविदास, डॉ. एसपी पांडेय सहित कॉलेज के दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बूथ अवेयरनेस ग्रुप की हुई चौथी बैठक

**भुरकुंडा।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शनिवार को मुखिया सत्यवंती देवी की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बूथ अवेयरनेस ग्रुप की चौथी बैठक हुई। बैठक में आगामी 20 मई को होने वाली आम चुनाव में 18 वर्ष सहित सभी मतदाता को सत प्रतिशत मतदान कराने हेतु विचार विमर्श कर रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही पंचायत के हर घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाता के लिए पेय जल, शौचालय, व्हीलचेयर सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का सहमति जताई गई। बैठक में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, किरण सिंह, रंजू सिंह, प्रेमी सलोमि तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, सोफिया कुजूर, रानी शर्मा, रवीश कुमार, अनीता तिवारी, सीमा देवी, रेखा देवी, सईदा खातून, तिलोत्मा तिवारी, शकुंतला देवी, राजो देवी सहित दर्जनों पंचायतवासी मौजूद थे।

## नया नगर में सालाना उर्स के मौके पर सजी कव्वाली का शानदार मुकाबला

**कव्वाल बाबू गुलाम साबरी और कव्वाला नाज वारसी ने कव्वाली पेश कर रात भर झूमाया**

**बरकाकाना।** हजरत हेदायतुल्लाह शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह का 39वां सलाना उर्स दुर्गा मंडप नया नगर स्टेज में अकीदतमंद के साथ संपन्न हो गया। सालाना उर्स के अवसर पर कव्वाली का शानदार महफिल सजी। जिसमें कव्वाल बाबू गुलाम साबरी एंड पार्टी गया और कव्वाला नाज वारसी एंड पार्टी बनारस यूपी रात भर कलाम, गजल, हम्द आदि पेश कर जलवा बिखेरा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि मुखिया नीलम देवी, मुखिया मो मोकिम आलम, पंसस फरीद अंसारी, ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, डॉ मनोज कुमार अगरिया, एसआइ राजेंद्र



उरांव आदि मौजूद थे। संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हजरत हेदायतुल्लाह शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह का मजार




आपसी भाईचारगी का मिसाल है। देश में नफरत फैलाने वाली ताकतें सिर उठा रही है। इसका मुकाबला देश के सभी धर्म के लोगों को एकजुटता से देना चाहिए। मौके पर चेयरमैन हाजी मो खलील, उर्स अध्यक्ष रमेश प्रसाद यादव, सचिव मो शफीक अंसारी, हरी रत्नम, बंटी अंसारी, सफाकत अंसारी, संजय शर्मा, क्यामुद्दीन अंसारी, परवेज अंसारी, आफताब आलम, अब्दुल आरिक, नेशार अहमद, सोएब अंसारी, हातिम अंसारी, मुन्ना अंसारी, मो ताज, शीतल बेदिया,संजय लाला, हाजी मो यासीन, वारिस अंसारी, मो सलेहात, हफिज अंसारी, मो आजाद, चंद्रदेव दांगी, वारिस खान, मो आवेश सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एनडीए प्रत्याशी ने गांव- गांव पहुंचकर लोगों को 01 मई 2024 को अपने नामांकन का दिया न्यौता

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता चंदवारा** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया।







यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। क्षेत्र की माता- बहनों ने गुलाब फूल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया।

# लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान में हिस्सा लेकर बने जागरूक नागरिक - हर्षवर्धन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत झुमरी तिलैया नगर परिषद ने शनिवार को झंडा चौक के पास स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं नगर प्रशासक हर्षवर्धन ने लोगों से लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेकर जागरूक नागरिक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। लोकतंत्र की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें जनता सर्वोपरी होती है। देश का भविष्य तय करने के लिए उन्हें मतदान का अधिकार दिया गया है। इसलिए सभी लोग 20 मई को मतदान करें और मजबूत सरकार बनाने में




सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान। वहीं नगर प्रबंधक डा. अरविंद मोदी ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका विकास कभी नहीं रुकता। लोकतंत्र में ऐसी सरकार बनती है, जो अपनी शक्ति लोगों से लेती है। मतदाता इस बात की जानकारी पहले से ले लें कि उन्हें कब और कहां मतदान करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासक ने युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं से चुनाव संबंधी प्रश्न पूछे जिसका मतदाताओं ने उत्साह के साथ उत्तर दिया। सही जवाब देने वाले मतदाताओं को स्वीप टोपी प्रदान की गई। साथ ही सभी मतदाताओं से 20 मई को निर्भीक होकर नैतिक मतदान करने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त स्वीप के तहत विगत चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाए गए। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर जागरूकता संबंधी संदेश देने के लिए बोर्ड पर लोगों ने संदेश लिखे और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने सहभागिता सुनिश्चित की। इस दौरान नगर प्रबंधक सतीश कुमार, निर्मल दास, अश्विनी कुमार, सुभाष कुमार, मिल्टन, बलराम, दुलारचंद यादव, अनिल, मुकेश, सुनीता देवी, मीना देवी आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी बब्बन सिंह की पत्नी पुष्पा देवी की देहांत से मातम पसरा



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** पंचायत गड़गी ग्राम परसाबाद निवासी पूर्व राज्यसभा सांसद सह स्वतंत्रता सेनानी परसाबाद स्व0 कांता नारायण सिंह के पुत्र बबन सिंह के धर्मपत्नी का कलकत्ता के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गई। मृतक का शव को आज पैतृक घर परसाबाद लाया गया। शव घर आते ही पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर इस दुःख की घड़ी में धैर्य तथा ढाढ़स बंधाए तथा मृतक की आत्मा को शांति मिले की कामना ईश्वर से किए। मौके पर जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी , पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, रिटायर्ड इंस्पेक्टर मथुरा गोप, परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा, जिला मंत्री सुधीर सिंह, रिटायर्ड फायर ब्रिगेडियर महानंद सिंह, दीपक सिंह राजू सिंह महेश रजक नागेश्वर चौधरी गोविंद बिहारी शशिकांत चौधरी लखन यादव संजय गुप्ता विजय कुमार पंडित सुरेंद्र चौधरी मुखिया प्रतिनिधि सरफुद्दीन अंसारी पूर्व मुखिया लखपत यादव,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, मुखिया सुखदेव यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, मनोहर चौधरी, सुनील सिंह, रामजीवन सिंह राजू सिंह, रमेश सिंह, अशोक यादव, बबुन चौधरी, परिवार के सभी सदस्य रिश्तेदार सहित भारी संख्या में शोकाकुल ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# मतदान जागरूकता एवं मौलिक अधिकार के लिए कार्यक्रम आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता जयनगर** प्रखंड अंतर्गत सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एप्रिसिएबल पब्लिक स्कूल कटिया परसाबाद में शनिवार को ÷हमें मतदान क्यों करना चाहिए÷? प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों की भागीदारी मतदान के लिए बढ़ाना था! इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय निदेशक मुंशी यादव मौजूद थे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अगर हम अपने मतदान के द्वारा सरकार बनाते हैं तो निश्चित पूर्वक यह हमारा सुशासन होगा अर्थात् हम एक बेहतर सरकार के साथ मिलकर अपनी योजनाओं का संपादन संपूर्णता पूर्वक कर सकते हैं! हमें अपना मतदान सकारात्मक भाव से करना चाहिए व अपनी पसंद की सरकार का चुनाव करना चाहिए ताकि समाज व देश के हित में कुशलतापूर्वक कार्य संपन्न हो सके! वरिष्ठ शिक्षिका सुशीला एक्का ने बताया कि मतदान करना मौलिक अधिकार में आता है और हमें इस मौलिक अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए! हर स्वतंत्र देश के मौलिक अधिकारों में मतदान का अधिकार सभी संबंधित नागरिकों के पास होता है ! प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं से अनेको छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी बातों व विचारों को निर्वाध तरीके से रखा ! सरांश जो निचोड़ कर सामने आया वह आया कि हर एक नागरिक को अपना इस अहम अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए ! हमारे विचार से 18 वर्ष की अवस्था को पार करने वाले हर एक भारतवासी को अपने इस अहम कार्य को निश्चित पूर्वक सही दिशा में अंजाम देना चाहिए ! कार्यक्रम में अपने विचार रखने वाले छात्र-छात्राएं आशीष, पवन, आईशा, सपना, अमृता, रोशनी, अंकित, अर्चना, शीतल, शिवम, लक्ष्मी, आदित्या, कौशिला, लक्ष्मी, निशा, आशीष, दिलीप, प्रियंका, निमिषा, रितिका, सिद्धि, ज्योति, सागर, आशीष, महानंद, साहिल, ऋषि, विवेक, अभिषेक, सुधीर, अजीत, सृष्टि, सकलदेव, पूजा, अंशु, साहिल, प्रीति, पवन, अमीषा, सत्यम, पायल, धर्मवीर, अनुज, विक्रम, अंकित, अंशिका, रानी, आशीष, सलमान, विनय, रौनक, सुजित, राजरवि, कुंदन, सतिश, सुनिल, दयानंद, तानि, अभिनंदन, सुमन, लक्ष्मी एवं अभिषेक, रेणुका, पूजा, काजल, अमीषा ,लक्ष्मी, खुशबू, प्रिंस, आयुष, राहुल, कृष्णदेव, अंकित आदि !





# दहेज हत्या के आरोपी को 14 वर्ष सश्रम कारावास, 30000 र जुर्माना भी लगाया

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा-** दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को आरोपी मोहम्मद जावेद पिता- निजामुद्दीन पिपराही चंदवारा जिला- कोडरमा निवासी को 304 (बी) आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 30000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2020 का है । इसे लेकर चंदवारा थाना कांड संख्या 57/ 2020 एवं स्त्र- 42/2020 दर्ज किया गया था।

अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला व अधिवक्ता अनवर हुसैन ने किया। इस दौरान सभी 11 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला अधिवक्ता अनवर हुसैन ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

इसे लेकर मृतक के पिता मोहम्मद शहजाद ने चंदवारा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री अफसाना खातुन



की शादी 27/06 2019 को मोहम्मद जावेद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। 3 माह तक वह ससुराल में ठीक से रही उसके बाद उसे एक मोटरसाइकिल और 50000 रुपए नगद के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 23/ 06/ 2020 को सुबह 6-00 फोन से सूचना मिली कि आपकी पुत्री की मौत हो गई है जब वहां पहुंचा तो देखा कि उनकी पुत्री पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी हुई है और घर के सारे लोग भाग गए हैं ।उन्होंने मोहम्मद जावेद, मोहम्मद आबिद, सावेद, नजमुल खातून सहित अन्य लोगों पर उसकी पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई करने की गुजारिश की थी ।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के अलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत सह मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । इस मौंके पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुलाम हैदर ने कहा कि झालसा के निर्देश पर चेक बाउंस एवं विद्युत् विभाग के मामलों से सम्बंधित विशेष लोक अदालत मामलों के त्वरित निष्पादन की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा ... उन्होंने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय प्रदान करने का सशक्त माध्यम है । लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है । कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है । लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती । लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है । उन्होने कहा कि लोक अदालत में बढ़ रही भीड़ इस बात का परिचायक है कि लोक अदालत आम लोगों के बीच कितना लोकप्रिय होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में जहाँ एक ओर लोगों के समय और पैसे की बचत होती है वहीँ दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों का गठन किया गया । बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, बेंच संख्या तीन में अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी व अधिवक्ता सुमन जैसवाल एवं बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष आर. के. तिवारी, सदस्य बालेश्वर राम एवं ममता सिंह एवं ने मामले की सुनवाई की । लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 82 वादो का निष्पादन किया गया जबकि विभिन्न विभागों से कुल 62,69,000/- रुपये राजस्व की वसूली की गई । मौंके पर जिला न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग के अधिकारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, अनिल कुमार सिंह, नवीन कुमार, महेश्वर कुमार, रवि कुमार, पी.एल.वी. रविन्द्र कुमार, पाण्डेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी मौजूद थे।

# 28 अप्रैल को इंडिया गठबंधन का झुमरी तिलैया में जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा।** कोडरमा में इंडिया गठबंधन का लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन 28 अप्रैल को शिव वाटिका, झुमरी तिलैया में आयोजित होगी। कार्यकर्ता सम्मेलन में कोडरमा जिले के हर बूथ से कार्यकर्ता और इंडिया गठबंधन के घटक दल राजद, कांग्रेस, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, सीपीआई- सीपीएम और प्रगतिशील संगठनों के कार्यकर्ता के अलावे भाकपा माले के कैडर और नेता शिरकत करेंगे।झुमरी तिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर इंडिया गठबंधन जोर शोर से जुटी हुई है। कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर कोडरमा विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, जेएमएम के राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद,मंत्री सत्यानंद भोक्ता कांग्रेस के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद,बोकारो विधानसभा के राजद के पूर्व प्रत्याशी अवधेश सिंह यादव,माले के राजधनवार के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव और इंडिया गठबंधन के समर्थित भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह मुख्य रूप से सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर इंडिया गठबंधन के कोडरमा जिला संयोजक रामधन यादव, कोडरमा बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी भुनेश्वर केवट, जेएमएम जिला सचिव श्यामदेव यादव,माले नेता इब्राहिम अंसारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव कोडरमा के मुद्दे पर लड़ा जाएगा। बदलाव की बयार कोडरमा में बह रही है। जनता विकास ढूंढ रही,लेकिन विकास नजर नही आ रहा। केंद्र में मंत्री रहने के बाद भी कोडरमा में कोई योजना/कल कारखाना/केंद्रीय शिक्षा संस्थान नही खुला। जनता के मुद्दे को हर वोटर तक ले जाने की जिम्मेवारी कार्यकर्ताओ की होती है। इसलिए कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिये कार्यकर्ताओ को चुनावी रणनीति के अनुसार हर मुद्दे से लैश कर बूथ तक रवाना किया जाएगा। झुमरी तिलैया में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा का चुनाव 20 मई को होना है। वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर लोग अपने-अपने स्तर से लगे हुए हैं। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को इंटर हाउस मतदाता जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में वर्ग नवम और दशम के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता शिक्षक शंकर कुमार की देख रेख में हुई। प्रतियोगिता में बबली कुमारी, राजवीर, अभिज्ञान कुमार, शैल्वी सिंह, दीपांकित राज, राजा बाबू गौतम, शिवम कुमार, पीयूष कुमार मोदी, स्वास्तिक कुमार, तन्मय सेठ, मोहित राज, सृष्टि मिश्रा, दिव्यंका बक्शी, शिवम कुमार, सचिन कुमार, शौर्य तिवारी, ऋषिका, निशा राज, शौर्य राज और निखिल राज ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस के लिए कुल 50 अंक निर्धारित थे। इसमें 40 अंक लाकर पवन हाउस प्रथम, 35 अंक लाकर पानी हाउस द्वितीय और 25 अंक लाकर धरती हाउस तथा आकाश हाउस संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। परिणाम की घोषणा प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने किया। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और कहा की बच्चे अभिभावक तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने स्कूल से जुड़े अभिभावकों और क्षेत्र के लोगों से मतदान में बढ़-कर का हिस्सा लेने की जरूर बताई, ताकि लोकतंत्र को मजबूती मिल सके। प्रतियोगिता के प्रत्येक राउंड में चार सवाल पूछे जा रहे थे। प्रतियोगिता का संचालन अनिंदिता कुमारी और दिव्यानी कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में दीपक सर्राफ ने तकनीकी रूप से सहयोग किया। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, शिक्षक शंकर कुमार, संजय कुमार तिवारी समेत अन्य शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।




# 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर अधिसूचना जारी

## सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे: पुलिस अधीक्षक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा के लिए 20 मई को वोट डाले जाएंगे। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर 26.4.2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और 3 मई तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे। इसे लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 6 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सभी तरह की सुविधा बहाल की जाएगी और गर्मी को देखते हुए सभी बूथों पर शेड की व्यवस्था के साथ- साथ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं यथा पानी बिजली शौचालय रैंप इत्यादि उपलब्ध रहेगी। इस बार जिले में कई मतदान केंद्र थीम पर आधारित रहेंगे, जिसमें जिले के पर्यटन क्षेत्रो से जुड़ी जानकारियां मौजूद



रहेगी। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के तहत अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जा रही है और चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि जिले के दिव्यांगजन और वृद्ध जनों के लिए मतदान केंद्रों तक आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि नामांकन और मतगणना की प्रक्रिया गिरिडीह जिले में होगी। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील की है कि 20 मई मतदान दिवस के दिन आगे आकर अपने मतदान केंद्र जायें और अपने मत का प्रयोग करें और इस लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बनें।


वहीं पुलिस अधीक्षक श्री अनुदीप सिंह ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सभी मतदान केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पैरामिलिट्री फोर्स के अलावा जिला बल के जवान मतदान केदो पर सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चुनाव के पूर्व संदिग्ध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब के अवैध कारोबार को ध्वस्त किया जा रहा है, साथ ही आपराधिक गतिविधि वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। इस मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी व पत्रकारगण मौजूद रहे।

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में।



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खचीर्ला चुनाव है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है। जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं। करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है। 18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है। इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया। इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा।

भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है। यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खचीर्ला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खचीर्ले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है? कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। राजनीति के खिलाड़ी सत्ता की दौड़ में इतने व्यस्त है कि उनके लिए विकास, जनसेवा, सुरक्षा, महामारियां, युद्ध, आतंकवाद की बात करना व्यर्थ हो गया है। सभी पार्टियां जनता को गुमराह करती नजर आती है। सभी पार्टियां नोट के बदले वोट चाहती है। राजनीति अब एक व्यवसाय बन गई है। सभी जीवन मूल्य बिखर गए है, धन तथा व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए सत्ता का अर्जन सर्वोच्च लक्ष्य बन गया है। लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि यह चुनाव आर्थिक विषमता की खाई को पाटने की बजाय बढ़ाने वाले साबित होने जा रहे हैं। आखिर कब तक चुनाव इस तरह की विसंगतियों पर सवार होता रहेगा?

## संपादकीय

### भाषण पर सवाल जवाब



निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी। इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है। उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मयार्दा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया। माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया। विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।


## चिंतन-मनन

### रजा का खजाना

फारस के शासक साइरस अपनी प्रजा की भलाई में जुटे रहते थे। लेकिन खुद उनका जीवन सादगी से भरा था। वह रियासत की सारी आमदनी व्यापार, उद्योग और खेतीबाड़ी में लगा देते थे। इस कारण शाही खजाना हल्का रहता था। लेकिन प्रजा खुशहाल थी। एक दिन साइरस के दोस्त और पड़ोसी शासक प्रोशियस उनके यहां आए। उनका मिजाज साइरस से बिल्कुल अलग था। उन्हें प्रजा से ज्यादा अपनी खुशहाली की चिंता रहती थी। उनका खजाना हमेशा भरा रहता था। बातों-बातों में जब प्रोशियस को साइरस के खजाने का हाल मालूम हुआ तो उन्होंने साइरस से कहा, अगर आप इसी तरह प्रजा के लिए खजाना लुटाते रहोगे तो एक दिन वह एकदम खाली हो जाएगा। आप कंगाल हो जाओगे।

अगर आप भी मेरी तरह खजाना भरने लगें तो आपकी गिनती मेरी तरह सबसे धनी शासकों में होने लगेगी। साइरस मुस्कराए फिर बोले आप दो दिन ठहरिए मैं इस मामले में लोगों का इम्तिहान लेना चाहता हूं। उन्होंने घोषणा करवा दी कि एक बहुत बड़े काम के लिए साइरस को दौलत की निहायत जरूरत है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि प्रजा मदद करेगी। दो दिन पूरा होने से पहले ही शाही महल के बाहर मोहरों, सिक्कों व जेवरों का बड़ा ढेर लग गया। यह देख प्रोशियस हैरत में पड़ गए। साइरस ने कहा, मैंने रियासत का खजाना लोगों की खुशहाली पर खर्च करके एक तरह से उन्हीं को सौंप दिया है। लोग उसमें इजाफा करते रहते हैं। मुझे जब जरूरत होगी वे मुझे लौटा देंगे जबकि तुम्हारा खजाना बांझ है, वह कोई बढ़ोतरी नहीं कर रहा है।

# प्रकृति की ताकत के आगे असहाय वैज्ञानिक



सनत जैन

दुनिया में प्रकृति को नजर अंदाज करते हुए, मानवीय विकास को लेकर जो नए-नए शोध और कार्य हुए हैं। उनसे प्रकृति को जिस तरह से खुली चुनौती दी जा रही है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करते हुए मानव विकास की जो नई संरचना तैयार की जा रही है। वह अपनी उच्चतम सीमा में पहुंच चुकी है। इस कारण अब प्रकृति ने भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए प्रतिरोध करना शुरू कर दिया है। जिस मानवीय विकास की संरचना को बनाने में कई दशक लगे। प्रकृति ने उसे एक ही झटके में समाप्त कर, यह बता दिया है, कि सीमा रेखा तोड़ोगे तो उसका फल भी भुगतना पड़ेगा। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो चुकी है। पांइस में स्थित आईटीआई का भवन जंगल की आग में पूरी तरह जल गया है। जंगल की आग नैनीताल हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। नैनीताल, भीमताल, रानीखेत, अल्मोड़ा, कमाऊ के जंगल धधक रहे हैं। सेना एवं स्थानीय प्रशासन आग बुझाने में लगी। आग पर काबू पाने में बहुत समय लगा, जिससे जंगल ही बर्बाद हो गया। इसके पहले भी हिमालय की तराई में भू-स्खलन की सैकड़ो घटनाएं हो चुकी हैं। पहाड़ फट रहे हैं। पिछले दो दशकों में हिमालय के पहाड़ों को खोदकर जिस तरह बांध बनाए गए हैं। पावर स्टेशन खड़े किए गए हैं। रोड बनाने के लिए पहाड़ों को काटा गया है। रेल मार्ग के लिए पहाड़ों को एक-दूसरे से जुदा कर दिया गया है। इन सब कृत्यों से शांत पहाड़ों में ऐसा कंपन शुरू कर दिया गया, जिसके कारण हिमालय अब अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए, मानवीय विकास की कल्पनाओं और संरचनाओं को एक ही झटके में धूल-धूसरित कर रहा है।


हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पिछले साल ही शिमला, उत्तराखंड के कई इलाकों में भूस्खलन की बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई। यहां का मौसम भी बड़ी तेजी के साथ बदलने लगा। अप्रैल के महीने में जून जैसी गर्मी पहाड़ों में पड़ रही है। हिमालय के ग्लेशियर पिघलने लगे। भारत में नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप बढ़ रहा है। जो मानवीय एवं प्रकृतिजन्य जीवन के लिए सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। जिस तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए पहाड़ों और प्राकृतिक संरचनाओं को खोखला किया गया। इसका विरोध समय-समय पर वैज्ञानिकों, साधु संतों और (शंकराचार्यों) ने भी किया था। भारत सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। परिणाम स्वरूप प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल भी अब सुरक्षित नहीं हैं। अयोध्या मैं रामलला के मंदिर का निर्माण हुआ। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चारों शंकराचार्यों ने कहा, जब तक मंदिर के शिखर का निर्माण नहीं होता है ऐसी अवस्था में भगवान प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। सरकार ने अहंकार के चलते, सनातन धर्म के सबसे बड़े धर्म गुरुओं (शंकराचार्यों) की बात भी नहीं मानी। जबकि उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए कहा था यदि अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी, तो प्रकृति-जन्य आपदा आना निश्चित है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चारों शंकराचार्य में से कोई भी शंकराचार्य शामिल नहीं हुआ। अब जिस तरह की प्राकृतिक आपदाएं देखने को मिल रही हैं। उसके बाद यही कहा जा सकता है, प्रकृति के नियमों का पालन नहीं किए जाने पर प्रकृति अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। उसे ही प्राकृतिक आपदा कहा जाता है।

यहां केवल भारत की बात नहीं हो रही है। पूरी दुनिया के देशों में जिस तरह से प्रकृति को चुनौती देते हुए मानवीय विकास और मानवीय अहंकार के चलते जिस तरह से विकास और आग्नेयू शास्त्रों के माध्यम से राज करने का जो प्रयास हो रहा है, उसके कारण दुनिया के देश विनाश के रास्ते पर चल पड़े हैं। अब इसे प्राकृतिक आपदा कहें, या ईश्वर का प्रकोप कहें। इसमें सभी एक राय नहीं हो सकते हैं। विकास की इस दौड़ में मानव जाति अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति अथवा ईश्वर को चुनौती देने का काम कर रही है। यही कारण है, कि दुनिया के सारे देशों में अब प्राकृतिक आपदाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। विकसित राष्ट्र भी अब इससे अछूते नहीं रहे। अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस, चीन जैसी महाशक्तियों को भी प्राकृतिक आपदा झेलनी पड़ रही है। अरब के देशों में बाढ़ आ रही है, जहां रेत का समंदर है वहां बारिश का सैलाब बता रहा है कहीं कुछ तो गलत हुआ है। लगातार भूकंप के झटके दुनियां को सचेत कर रहे हैं, सुप्त ज्वालामुखी अब मुंह खोलने को तैयार नजर आने लगे हैं। ये प्राकृतिक आपदाओं से विकास इन्फास्ट्रक्चर नष्ट हो रहा है। वैसे भी मानवीय शक्ति जब-जब भगवान बनने की कोशिश करती है, तब-तब ईश्वर का (प्रकृति) प्रकोप इसी तरह से सामने आता है। इस खतरे की घंटी से सभी को सावधान होने की जरूरत है। भौतिक संसाधन और कृत्रिम विकास अल्पकालीन होते हैं, इन्हें दीर्घकालीन नहीं बनाया जा सकता है। इस तथ्य को सभी को समझना जरूरी है।

# घोषणा पत्र की क्या जरुरत



संजय गोस्वामी




आज कल चुनाव में घोषणा पत्र पर एक दूसरे पर वार पे वार किये जा रहें है इसकी जरुरत ही नहीं क्योंकि दोनों का काम जनता ने देख लिया है वो ना तो घोषणा पत्र का पन्ना पढ़ कर वोट करने वाली है ना ही घोटाला पर किसी के लिए वो घोटाला लगेगा किसी के लिए सोची समझी नीति और कोई कुछ भी ना लें और नोटा पर वोट कर दें इसलिए चुनाव में लोगों की दिलचस्पी नहीं दिखा जो पहले थी अब इसपर नए सिरे से सोचेने की जरुरत है वोट मेरा अधिकार है जिसे देना जरुरी है दरअसल हर 10साल के बाद एंटीइनकॉवेंसी यानि सत्ता पक्ष में कुछ लोगों का विरोध तो होता ही है अब इतनी बड़ी जनसंख्या है 140करोड़ लोगों का देश जब मजदूर को खुश करेंगे तो उद्योगपति को नुकसान होगा और जब मजदूर काम करके भी नहीं खा सकेगा तो ऐ भी उद्योगपति को खुश रखना जैसे होगा,बस सेवा ही एक ऐसा हैजो एक जीवन का हिस्सा है किसी खेल में कोई हारता है कोई जीतता है लेकिन अपशब्द का प्रयोग किसी भी पार्टी के लिए घातक साबित होगी इसमें शांत रहकर लोगों की सेवा करना चाहिए जो जनता के दिल में जगह बनाएगी जो असली प्रेम होगा सेवा करना इंसान को सत्ता या उससे बाहर भी रहकर कर सकते हैं सत्ता में होंगे तो विरोधी आपका टांग खीचेंगे और जब सत्ता में नहीं रहेंगे तो पावर नहीं होगा जीससे आप काम कर सकें लेकिन अनेकों उदाहरण है जो सत्ता से अलग रहकर भी लोगो की सेवा की और उसी आधार पर भगवान राम हो गए जो सबके पूज्य है सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम हैं, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, 'प्रेम स्वर्ग का रास्ता है।' बुद्ध का कथन है, 'प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम संसार की ज्योति है।' विक्टर ह्यूगों का कहना है, 'जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु।' रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, 'प्रेम अमरता का समुदंर है।' कबीर का कथन है, 'जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ–बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी।'

ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए, पर सभी विद्वान न हो सके। अलग–अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है–'वसुधैव कुटुम्बकम्।'

जो सबकों प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! और प्रेम

इस तर्क मे बड़ी भूल है। ईश्वर ने सारे इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी आदमी मे कोई अन्तर नही रक्खा। अन्तर तो स्वयं आदमी ने पैदा किया है। एक आदमी दिमाग से काम करता है, दूसरा शरीर से। पहले को हम बड़ा मानते है और उसे अधिक पैसा देते है, दूसरे को किसान-मजूर कहकर छोटा मानते है। और उसकी कम कीमत लगाते है। लेकिन यह न्याय नही है। जो दिमाग काम करता है, उसे भी खाने को अन्न चाहिए और अन्न बिना शरीर की मेहनत के नही मिल सकता। शरीर से काम करे वाले को दिमागी काम करने वाले का सहारा चाहिए। इस तरह दोनों एक-दूसरे के पूरक है। एक के बिना दूसरे का काम नही चल सकता।

पर आज का समाज उन्हें एक-दूसरे का पूरक या साथी मानता कहाँ है? बुद्धि से काम करने वाला शरीर की मेहनत को छोटा और ओछा मानता है और उससे बचता है। वह मानता है कि मजूर से मेहनत लेने का उसे अधिकार है।ईश्वर सच्चिदानन्द है, असीम शक्ति का भंडार है। ईश्वर हमारे लिए एक अनन्त एवं अक्षय शक्तिस्रोत है। यदि आपका आत्मविश्वास विलुप्त हो चुका है, आप प्रभु भक्ति के द्वारा उसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं। भावपूर्ण प्रार्थना करना एक विचित्र संबल देता है। धर्मों के नाम पर परस्पर घृणा का प्रचार करनेवाले तथा युद्ध भड़कानेवाले धर्म के तत्व एवं उद्देश्य को नहीं समझते हैं। संत किसी एक धर्म के खूंटे से नहीं बँधते हैं और सत्य का सत्कार करते हैं, वह चाहे जहाँ भी प्राप्त हो। एक सच्चा मानव मंदिर, गिरजा, गुरुद्वारा, मस्जिद को समान रुप से पवित्र मानता है तथा उसे अनेक मार्गों (धर्मों) के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। अपनी व्यक्तिगत अनुभूति के आधार पर ईश्वरतत्व को पहचानना तथा अपने स्वभाव के अनुसार उसके साथ एक व्यक्तिगत नाता स्थापित करना ईश्वर-प्राप्ति का श्रेष्ठ मार्ग है।अतः घोषणा पत्र पर ध्यान ना देकर काम पर ध्यान देना चाहिए चंद्रयान 3की सफलता ने तो भारत में इतिहास बना दिया अगर घोषणा पत्र पर ध्यान देते तो कुछ नहीं होता एक होकर लगन से काम किया कल किसने देखा है उसकी भविष्यवाणी आज हम नहीं कर सकते है हाँ ऐ जरुर कर सकते है संकट में एक दूसरे के काम आजायेगा।

# जिला सम्मेलन में अधिवक्ता परिषद् के गुमला जिला इकाई का पुनर्गठन, शशिरंजन अखौरी अध्यक्ष व दिनेश महतो बने महासचिव

**गुमला** -शनिवार को अधिवक्ता परिषद् , झारखण्ड की गुमला जिला इकाई का पुनर्गठन किया गया। इस मौके पर परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार मिश्र ने सत्र 2024 - 2027 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की । इसमें अशोक कुमार पाण्डेय ÷मुकुल÷ व सुधीर कुमार पाण्डेय को संरक्षक, शशिरंजन अखौरी को अध्यक्ष, विष्णू मिस्त्री व हेमंत कुमार राय को उपाध्यक्ष, दिनेश महतो को महासचिव, आदित्य कुमार,अखौरी आकाश रंजन व अमिताभ पंकज को सचिव, राकेश किरण राजू को कोषाध्यक्ष, कौशिक राम को न्याय प्रवाह प्रमुख, प्रकाश चंद्र गोप को न्याय केंद्र प्रमुख बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सच्चिदानंद गोप , संदीप स्वरूप ,मुकेश कुमार पाठक , दिलीप कुमार पाण्डेय ,शैलेन्द्र कुमार ,सुरेन्द्र ओहदार ,अजय साहू,परमेश्वर साहू व






राजनारायण नाग के नामों की घोषणा की गई । साथ ही प्रदेश अध्यक्ष ने गुमला - लोहरदगा - सिमडेगा जिलों के समन्वयक के लिए बलदेव प्रसाद शर्मा के नाम की भी घोषणा की । सम्मेलन में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह क्षेत्रीय संगठन आयाम प्रभारी राजेन्द्र कुमार मिश्र ने परिषद् की स्थापना से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों पर सविस्तार प्रकाश डालते हुए न्यायकेन्द्र व न्याय शिविर लगाने की बातें कही। साथ ही परिषद् के कार्यकलापों का वर्णन किया । उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं से वर्तमान में होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने का आह्वान करते हुए जन जागरण हेतु घर - घर जाकर सम्पर्क करने के कार्य को अपना कर्तव्य बताया और नोटा के प्रयोग से दूर रहने की बातें भी कहीं । इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह प्रांतीय संगठन आयाम टोली के सदस्य हराधन प्रमाणिक व लीना मुखर्जी ने भी संगठन की उपलब्धियों पर अपने अपने विचार व्यक्त किए । इस जिला सम्मेलन का संचालन बलदेव प्रसाद शर्मा ने व अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष सुधीर कुमार पाण्डेय ने की ।इस मौके पर सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव ,लखन सिंह, धनेश साहू, राणा रविकांत ,जगदीश प्रसाद,भूपति प्रसाद प्रजापति , राधेश्याम साहू, मुकेश कुमार साहू ,विनोद नाथ तिवारी, राजनारायण नाग , संदीप स्वरूप, परमेश्वर साहु, कौशिक राम, बिरसू सिंह समेत कई अधिवक्ता उपस्थित थे।

## साईं पब्लिक स्कूल में येलो डे मनाया गया, बच्चों येलो यूनिफॉर्म पहन खूब गैदरिंग की, प्राचार्य ने दी गिफ्ट



**इटखोरी,** प्रखंड के जाने-माने साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को येलो डे मनाया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य एच जी तिवारी ने छोटे छोटे बच्चों को येलो डे का महत्व बताते हुए पीले केले, गुब्बारे गिफ्ट किये। कहा ताजगी, सकारात्मक बुद्धि और आनन्द का प्रतीक है। कार्यक्रम में विद्यालय द्वारा पीले केले, गुब्बारे, तथा अन्य पीले सामात्रियों को सभी बच्चों के बीच दिया गया। प्राचार्य ने कहा ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिभा का निखार व जागरूकता आती है। कार्यक्रम से बच्चों में बड़ी उत्साह देखी गई। बच्चों ने खूब गैदरिंग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक इंदु, कवित शीतल, प्रदीप कुमार समेत सभी कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत, कार चालक थे नशे में धुत

**लोहरदगा** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कचहरी चौक के पास नशे ने लिया एक महिला की जान। नशे में धुत होकर कार चालक ने वृद्ध महिला को रौंद डाला जिससे वृद्ध महिला की मौत हो गई। कार सवार शादी समारोह से लौट रहे थे वही कार में सवार सभी लोग नशे में धुत थे। मृतक महिला सुबह पूजा के लिए फूल तोड़ने निकली थी इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने रौंद डाला जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 65 वर्षीय बिरनोला देवी के रूप में हुई है वह पिछले दो सालों से लोहरदगा में अपने बेटी दामाद के घर रहती थी। हादसा आज सुबह करीब 6-00 बजे लोहरदगा कचहरी चौक के पास हुआ। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया घटना को लेकर दर्दनाक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है।मृतक महिला सुबह पूजा का फूल लेकर आ रही थी जिस समय पतरा टोली की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बेकाबू कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त कर को छोड़कर भाग रहे थे पर कार में सवार दो लोगों को लोगों ने दौड़कर समाहरणालय के पास पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि कार सवार लोग नशे में थे। रांची के धुर्वा से लोहरदगा के मनहो बारात आए थे। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और दुर्घटना हुई कार संख्या द्धद्ध 01श्वश्व 0667 को जप्त कर दो लोगो को गिरफ्तार किया है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।लोगों ने कचहरी चौक पर नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा चुंगी वसूली के लिए गाड़ियों को रोकने के तौर तरीके पर भी विरोध जताया और कहा कि इसकी वजह से भी आए दिन हादसे हो रहे हैं। चुंगी वसूलने वालों का स्थान बदलने की प्रशासन से मांग की।ट्रैफिक इंचार्ज अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का मुआयना किया। यातायात प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि कार की तेज रफ्तार की वजह से ही हादसा हुआ है कार में सवार लोग नशे में धुत थे जिन्हे गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई है।

## पुल से नीचे गिरने से बाईक सवार गंभीर रूप से घायल,गुमला रेफर

**चैनपुर (गुमला)** -चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी इग्नैश लकड़ा (62) रामपुर सफी नदी पुल से नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आई है। घायल इग्नेश लकड़ा ने बताया कि? वह अपने टीवीएस मोपेड से चैनपुर की ओर से अपने गांव रामपुर जा रहा था। बीच में पड़ने वाले रामपुर सफी नदी पुल के पास आगे से आ रहे वाहन की लाईट से आंख चौंधिया गया और वह पुल से नीचे गिर गया।घटना के बाद स्थानीय युवकों ने उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं को नवंबर माह से नहीं मिला है पोषाहार व मानदेय



**चैनपुर (गुमला)** - आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक शनिवार को चैनपुर के लुथरन बगीचा में सम्पन हुई। बैठक मे मार्गदर्शन के लिए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप व जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता उपस्थित रहें। जानकारी देते हुए संगठन मंत्री रामचंद्र गोप ने कहा कि नवंबर माह से पोषाहार व मानदेय नहीं मिला है। तीन साल के बच्चों को भीषण गर्मी में आँगनबाड़ी केंद्र में रखना मुश्किल हो रहा है। गर्मी छुट्टी की कोई व्यवस्था नहीं है । ऊपर से लगातार सेविका-सहायिकाओं पर काम का बोझ बढ़ाया जा रहा है। लेकिन मानदेय दैनिक मजदूरी का आधा भी नहीं मिलता है । ऊपर से बीएलओ का भी काम सेविकाओं को दे दिया गया है। अगर मानदेय सम्मानजनक नहीं बढ़ाया गया, तो बीएलओ का काम नहीं करेंगे। बैठक में उपरोक्त परिस्थितयों के आलोक में आंदोलन की रूप-रेखा तय करने व संगठन को मजबूत करने के लिए चर्चा की गईं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुशान्ती देवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष किरण मिंज, प्रखंड सचिव सोनी प्रवीण के साथ -साथ चैनपुर प्रखंड की सभी सेविका सहायिका उपस्थित रहे।

## पुलिस ने लापता शिवलाल पहान का शव तालाब से किया बरामद

**घाघरा (गुमला)** -घाघरा थाना क्षेत्र के गुटवा गांव में शनिवार को पुलिस ने एक 58 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया। शव की पहचान गुटवा निवासी 58 वर्षीय शिवलाल पहान के रूप में किया गया । परिजनों के अनुसार शिवलाल बुधवार को घर से शौच के लिए निकला था। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार की शाम मृतक की पत्नी कौशल्या देवी ने मंडप के समीप स्थित तालाब में अपने पति का शव तैरता हुआ देखा । इसके बाद इसकी सूचना तत्काल घाघरा थाना को दी गई । घाघरा थाना के एस आई नागमणि सिंह ने शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। अग्रिम कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# जंगली हाथी ने कुछ ही दिनों के अंतरात में एक ही घर को किया चौथी बार ध्वस्त

*** परेशान ग्रामीणों ने कहा- यदि हाथियों का उत्पात जारी रहा तो वे पलायन करने पर होंगे मजबुर**



**चैनपुर (गुमला)** -चैनपुर प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र हाथियों के आतंक से त्रस्त है। जंगलों से सटे इलाकों के लोग व किसान परेशान हैं। आए दिन हाथी ग्रामीणों के घर को ध्वस्त, घरेलु सामानों तथा खेतों में लगी फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। गुरुवार की रात लगभग आठ बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने सदान बुकमा गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथी ने किसान बिजय बाड़ा के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी के अचानक हमले से किसान विजय बाड़ा अपने पूरे परिवार के साथ किसी प्रकार घर से भाग कर अपनी जान बचाई और गांव के अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। हाथी के हमले से घर में रखे घरेलू सामान दबकर बर्बाद हो गया। वही हाथी ने घर में रखे चावल व अनाज को खाकर व छींटकर बर्बाद कर दिया। किसान विजय बाड़ा ने बताया कि पिछले एक माह में जंगली हाथियों ने मेरे घर को चार बार ध्वस्त कर दिया है। अब तक जंगली हाथी ने घर को कई जगह से ध्वस्त कर लगभग चार क्विंटल धान को चट कर गया है। विजय बाड़ा ने बताया वह अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता है । मगर जंगली हाथी के हमले से उसका घर पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। उक्त घर अब रहने की स्थिति में नहीं है । उसने बताया कि जंगली हाथी के द्वारा अनाज को भी चट कर जाने से परिवार के समक्ष खाने-पीने की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। किसान ने बताया कि वन विभाग को जानकारी देने के बाद वनरक्षक मुआयना करने के लिए आए थे। किसान ने विभाग से मुआवजे की मांग की है। उसने कहा कि विभाग के द्वारा समय से मुआवजा मिलने से ही घर को मरम्मत करा कर परिवार के साथ रह सकते हैं। बताते चलें कि पिछले कुछ महीनो से लगातार जंगली हाथी सदान बुकमा गांव में घुसकर उत्पात मचाते हुए कई गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर चुका हैं। किसान वीरेंद्र नगेसिया, बिफ़ैया नागेसिया जैसे कई किसानों ने बताया कि पिछले कुछ महीनो के अंदर जंगली हाथियों द्वारा कई बार उनके घरों को नुकसान पहुंचाते हुए ध्वस्त किया जा चुका है । फसलों को भी नुकसान पहुंचा है । अगर लगातार जंगली हाथी के हमले होते रहे और जंगली हाथियों को दूर नहीं खदेड़ा किया तो उन्हें अपना घर खेती बाड़ी सभी को छोड़कर पलायन करना पड़ेगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन

**गुमला** - विद्या विकास समिति झारखंड के तत्वावधान में शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर गुमला भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को पुनरुत्थान करने के उद्देश्य से दादा - दादी नाना - नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुमला नगर पालिका के पूर्व सभापति योगेंद्र साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद तथा बसंती देवी, स्थानीय प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक मुकुल, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा तथा समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुई । सर्वप्रथम मां भगवती, ओम और भारत माता के चित्र के सामने अतिथियों ने दीप दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। विषय प्रवेश प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि दादी-नानी और दादा-नाना हमारे जीवन के अमूल्य रत्न हैं । जो अपनी ममता, समझदारी और प्यार हम पर न्योछावर करते हैं। वे हमारे लिए आदर्श होते हैं और हमारे जीवन को खुशियों से भर देते हैं। उपाध्यक्ष अशोक मुकुल ने अपने संबोधन में कहा कि






वर्तमान परिस्थिति में हम अपने घर के बुजुर्गों का सम्मान नहीं करते । वृद्धावस्था में वे समाज में अपने आप को अकेला महसूस करते हैं। यह भारतीय परंपरा नहीं है। ऐसी परिस्थिति में सरस्वती विद्या मंदिर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर भैया बहनों में अपने दादा दादी नाना नानी के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना के विकासित करने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन उमा कुमारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा नाना-नानी दादा-दादी के सम्मान में मनमोहक नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में लगभग 126 दादा दादी नाना नानी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम प्रमुख उमा दीदी के द्वारा दादा -दादी% नाना - नानी को वंदना पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आचार्य स्वप्न कुमार राय ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भैया बहनों में संस्कार विकसित करना विद्यालय तथा घर दोनों की जिम्मेवारी है । हमें निरंतर अपने भैया बहनों का अवलोकन करना होगा कि उनका व्यवहार संस्कार युक्त है या नहीं। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## शंख - लुकुईया रोड चापी जंगल के नजदीक वाहनों से लूटपाट

**कुडू - लोहरदग़ा** -शंख - लुकईया रोड में कुडू थाना क्षेत्र के चापी जंगल के नजदीक शनिवार को प्रातः अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने वाहनों से हजारों रुपये नगद और मोबाइल की लूटपाट कर फरार हो गए। इस लूटपाट के शिकार हुए 14 चक्का ट्रक नंबर बीआर 24जीबी - 1003 के चालक धीरज कुमार सिंह पिता अर्जुन सिंह ग्राम डुमरी थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार निवासी ने बताया कि वह भारत पेट्रोलियम का अलकतरा बिहार के डोभी से लोड कर सिमडेगा जा रहा था। चंदवा पार करने के बाद लुकईया - शंख लोहरदगा रोड से जाने के क्रम में कुडू थाना क्षेत्र के छपी मोड़ से लगभग 2 किलोमीटर पहले जंगल के पास एक सफेद रंग के बोलेरो वाहन ने ओवरटेक कर उसमें सवार छह-सात की संख्या में अज्ञात अपराधकर्मी उतरकर ट्रक को रुकवा दिया। और दो अपराधी कनपटी में पिस्तौल सटाकर मुझे ट्रक के नीचे उतारा और सीट के नीचे रखे सात हजार और पॉकेट से 350 रुपये,और सैमसंग कंपनी का मोबाइल लूट लिया । उन्होंने बताया कि मेरा ट्रक लूटने के बाद और दो-तीन वाहनों से लूटपाट कर फरार हो गए। चालक ने कुडू थाना में इसकी लिखित सूचना देने की जानकारी दी है।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कूटी, एक की मौत दो गंभीर, रिम्स रेफर

**कुडू - लोहरदगा** -कुडू लोहरदग़ा मुख्य पथ एनएच 43ए थाना क्षेत्र के जिमा गांव के समीप शनिवार की दोपहर एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला निवासी विवेक भगत 25 वर्ष, और लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप निवासी अनिल मुंडा 28 पिता ललकु मुंडा और कुलदीप कुमार 24 पिता बालकेश्वर भगत स्कूटी जेएच 07एच - 1530 से कुडू की ओर जा रहे थे। जिमा गांव के समीप तेज रफ्तार होने के चलते स्कूटी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में जशपुर निवासी विवेक भगत की मौके पर ही मौत हो गयी जबकी अनिल और कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने उपचार के लिए सभी को लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक गणेश मलिक ने दोनों को रिम्स रेफर कर दिया है चिकित्सकों ने अनिल को गंभीर हेड इंजुरी को लेकर उसकी स्थिति काफी नाजुक बताई है।

**सड़क के किनारे खड़ा टेढ़ा पेड़ बन रहा हादसे का कारण, जिम्मेवार बिफ़िक्र-** सड़क के ठीक किनारे झुका वृक्ष कुडू लोहरदग़ा मुख्य पथ पर चलने वाले राहगीरों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। स्थानीय लोगो ने बताया कि मंटु ढाबा के समीप झुका हुआ पेड़ में अब तक आधा दर्जन बड़े छोटे वाहन टकरा चुके हैं। यहां पर किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों का कहना है कि अच्छे भले पेड़ों की रोज़ कटाई हो रही है किंतु संबंधित विभाग का लोगों के लिए मुसीबत बने इस वृक्षों को हटाने की तरफ कोई ध्यान नहीं है।

## विशेष लोक अदालत में कल 93 केसों का हुआ निस्पादन

झालसा रांची के निर्देश में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा श्री अरविंद कुमार पांडे के मार्गदर्शन में आज विशेष मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया । जिसमें कुल चार बेंच का गठन किया गया था । आज आयोजित विशेष लोक अदालत में बिजली के कुल 34 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें 7 लाख 18402 रुपए के राजस्व वसूली की गई । जबकि चेक अनादरन के के कुल 20 वादों का निष्पादन किया गया । जिसमें 74 लाख ?50000 का सेटलमेंट हुआ । इसी तरह क्रिमिनल के 11केस निष्पादित किए गए द्य आज आयोजित विशेष लोक अदालत में पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में सिविल एवं क्रिमिनल अपील, मोटर दुर्घटना आदि केस रखे गए थे द्य बेंच संख्या दो में बिजली से संबंधित वादों के लिए अखिलेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में, जबकि चेक अनादरन व अन्य क्रिमिनल वादों के लिए बेंच संख्या तीन के रूप में डॉक्टर चंदन, सीजीएम के बेंच गठन किया गया था द्य अन्य वादों के लिए बेंच संख्या चार अर्चना कुमारी, वरीय सिविल जज का बेंच गठित किया गया था ।

# फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने किया चेंबर कार्यालय का उद्घाटन

***सभी व्यापारी अपनी एकता बनाएं रखें - किशोर मंत्री**

गुमला - एफजेसीसीआई फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री , गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने बस स्टैंड रोड स्थित सिद्धि विनायक होटल परिसर में गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, गुमला के नये कार्यालय का उदघाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री का गुमला चेम्बर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने गुमला की धरती पर पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत और अभिनन्दन किया। पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी का स्वागत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी ने किया एवं स्नद्बष्टष्टद्ब की पूरी टीम का स्वागत गुमला चेम्बर के पदाधिकारियों ने एकल पुष्प देकर किया। स्वागत भाषण में गुमला चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य की बात है कि गुमला के धरती पुत्र व्यापार के क्षेत्र में यहाँ से निकल कर झारखण्ड की राजधानी राँची में अपना परचम लहराते हुए फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का दो बार अध्यक्ष बने। यह हम सभी गुमला के व्यापारियों के लिए गर्व की बात है। इनके नेतृत्व में झारखण्ड चेम्बर व्यापारी के हित में अच्छा काम कर रही है। आशा करते है कि इसका लाभ झारखण्ड के सभी छोटे बड़े व्यापारियों को मिलेगा। स्नद्बष्टष्टद्ब के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गुमला के इस संयुक्त बैठक में काफ़ी सुखद अनुभूति हो रही है। गुमला चेम्बर छोटे से पौधे के रूप में जिसका बीजारोपण हुआ था, वह आज वट वृक्ष का रूप ले चुका है। आज से चौसठ (64) वर्ष पूर्व फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का गठन हुआ था। ठीक उसी तरह सन 1994 में गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स का गठन हुआ । आज 30 वर्ष पुरे हो गये। यह गुमला के व्यापारियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। गुमला चेम्बर के द्वारा गुमला में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खोलने की मांग की गयी थी। जिस पर हमने राँची के डीआरएम से इस विषय पर प्रमुखता से बातों को रखते हुए मांग किया, जिसपर उन्होने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि दो महीनों के अंदर गुमला में रिजर्वेशन काउंटर हेतु टेंडर किया जायेगा और गुमला की जनता को इसका लाभ मिलेगा। गुमला चेम्बर के द्वारा इस प्रचंड गर्मी में बिजली की समस्याओ को लेकर कुछ मांगे रखी गयी थी । जिसपर हमने राँची मे उच्च अधिकारियो से इस पर सार्थक पहल करने की बात हुई है। कृषि से संबंधित मुद्दे पर बंदी करते हुए सरकार तक अपनी बातों को रखा। इसपर झारखण्ड सरकार ने रोक लगायी। हमने सरकार को अवगत कराया कि अभी हमारी हड़ताल खत्म नहीं हुई है, इसे हमने स्थगित किया है । अगर जरुरत पड़ी तो हम सभी पुरे झारखण्ड में चक्का जाम कर देंगे। सभी प्रकार की खाद्य सामग्री की आवक जावक बंद कर दी जाएगी। सरकार ने न्यूनतम मजदूरी 27 प्रतिशत से लेकर 33 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है, जिसका हमने पुरजोर विरोध किया है। यहाँ का न्यूनतम मजदूरी दर गुजरात से भी ज्यादा है, जबकि हमारा राज्य 29 वें स्थान पर आता है । अगर इसपर पुनर्विचार नहीं किया गया तो हमलोगों को झारखण्ड में



इसके लिए चक्का जाम करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसपर सरकार ने पुनर्विचार के लिए एक समिति गठित की है। यह फेडरेशन ऑफ़ झारखण्ड चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ताकत है। इसी तरह आप सभी व्यापारी एकता को बनाये रखें। अंत किशोर मंत्री ने कहा कि गुमला चेम्बर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में गुमला चेम्बर काफ़ी मजबूत और सशक्त हो रहा है। उनके इस कार्य के लिए स्नद्बष्टष्टद्ब के अध्यक्ष किशोर मंत्री के द्वारा मोमेंटो देकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मेंबरशिप कमेटी के चैयरमेन पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी जी को भी किशोर मंत्री के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित माहेश्वरी व सचिव बबलू वर्मा ने भी संबोधित किया। मौके पर रोहित पोद्दार, अमित शर्मा, आदित्य मल्होत्रा, विमल फोगला, सुनील सराओगी, प्रवीण लोहिया, नवीन गाड़िया, नवीन जैन, मनोज मिश्रा, राजीव प्रकाश चौधरी, शशांक भारद्वाज, प्रीतम कुमार गढ़िया, अमित साहू, पूर्व अध्यक्ष रमेश चीनी, निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, प्रदीप मंत्री, कन्हैया लाल गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल रॉकी, कोषाध्यक्ष मुन्नीलाल साहू, अजय सिंह राणा, गुरमीत सिंह, राजेश लोहानी आनंद कुमार गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल, रितेश कुमार, प्रणय कुमार, पंकज खंडेलवाल, राहुल केसरी, मनीष गुप्ता, श्याम गुप्ता आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**हज़ारीबाग़** - भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) ने 14 हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने के लिए व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस), तंगीराला मुरलीधर (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, एआरओ संतोष कुमार सिंह मौजुद थे। 27 अप्रैल (शनिवार) को समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ




समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा साथ ही अभ्यर्थीयों के भी बैंक खातों से 10 लाख रु से अधिक के वित्तीय लेन देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा तथा इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है।

व्यय प्रेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे। सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (स्न्रस्ज्ञ) द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम (स्स्ज्ञ) द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे।

## पूर्व मुखिया बाढो पांडेय के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**हजारीबाग** - सदर प्रखंड के चंदवार पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी बाढों पांडेय नही रहे । 90 वर्ष के उम्र मे शुक्रवार को उनका निधन हो गया ।वह गुरुवार की रात्रि अपने पोता अविनाश कुमार पांडेय के बारात मे बोकारो गए थे । शुक्रवार को सुबह पोत्र वधु के घर आने के बाद वह नित्य दिन की तरह स्नान कर भगवान का का पुजा अर्चना किया । जिसके बाद वह और दिनों की तरह नास्ता कर बेड पर सो गए जिसके बाद उनकी मृत्यु हो गई । पूर्व मुखिया बाडों पांडेय वर्ष 1960 से 1978 तक चंदवार पंचायत के मुखिया रहे । इसके अलावा हजारीबाग सहकारिता कोआपरेटिव बैंक के आजीवन सदस्य थे । उनके तीन पुत्र और छह पुत्री है जो सभी शादीशुदा है और भरा पुरा परिवार है । इनके निधन पर शोकसभा आयोजित कर मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई ।शोकसभा मे अभय पांडेय ,संजय पांडेय , अजय पांडेय , मिथिलेश चौबे ,अवध पांडेय ,विजय पांडेय , अनिल ओझा ,संदीप पांडेय , सुधीर तिवारी ,कमला कांत पांडेय ,रवि पांडेय शैलेन्द्र तिवारी , श्रीकांत पांडेय आदि लोग मौजूद थे ।

## गैलेक्सी उच्च विद्यालय पबरा में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**हज़ारीबाग़** – गैलेक्सी उच्च विद्यालय पबरा हजारीबाग में 27 अप्रेल को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ।साथ में विद्यालय के निदेशक चांद अंसारी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या ने भी शामिल होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नृत्य आदि से मनोरंजन भी किया।

## एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने चंदवारा प्रखंड के दो दर्जन गांवों का किया तुफानी दौरा



**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों गर्म मौसम के साथ राजनीतिक तापमान भी बढ़ने लगा है। इसी बीच सांसद उम्मीदवारों ने भी अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 56 दिनों से क्षेत्र गांवों के दौरे पर हैं। शनिवार को एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गर्म हवा और प्रचंड गर्मी के बीच बरही विधानसभा क्षेत्र के चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के 09 पंचायतों के करीब दो दर्जन गांवों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों को आगामी 01 मई 2024 को अपने नामांकन पत्र दाखिल के अवसर पर हजारीबाग पहुंचने का न्यौता दिया। मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत चंदावरा प्रखंड स्थित उरवां जामु खांडरी से किया। यहां पहुंचने पर बरही विधानसभा क्षेत्र और चंदवारा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। यहां से बाइक जत्थे के साथ उनका काफिला आगे बढ़ा। उन्होंने उरवां चांदनी चौक, पत्थलगड्डा, मदनगुण्डी, आरागारो, जोंगी नावाडीह, भोंडो, चौराही, बोंगादाह, घुटीटांड़, पिपराही, पुरनथाम, पुरनाडीह, थाम, खांडी, ढाब, गजूरे, चिलोडीह और करोंजिया का दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान कर सेवा का मौका देने का आग्रह किया। इस दौरान सभी गांवों में पूर्व से इंतेजार करते हुए ग्रामीणों का सैलाब उमड़ा और लोगों ने गाजे- बाजे के साथ फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया और समर्थन का भरोसा जताया। क्षेत्र की माता- बहनों ने गुलाब फूल भेंटकर अपना आशीर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया ।

## क्षेत्र के आधा दर्जन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



**हज़ारीबाग़** – एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। जिसमें ग्राम उरवां में रवि यादव, मुंशी यादव और ग्राम भोंडो में प्रदीप कुमार, किसुन साव, राजेश कुमार, कामेश गुप्ता, विनोद कुमार का नाम शामिल है। सभी कार्यकर्ताओं का भाजपा परिवार में सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फूल माला और भाजपा पट्टा पहनाकर स्वागत किया ।

## झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने किया दौरा

**हजारीबाग** - झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत डेमोटांड़, मोरांगी आदि गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है माटी की पार्टी है झारखंड के हक अधिकार की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर होकर संघर्ष करती रही है। इस पार्टी से हजारीबाग लोकसभा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव में खड़ा हूं और आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद के लिए आप सभी के बीच में आया हूं आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद से लोकसभा का चुनाव जीतकर सदन में आपकी आवाज बुलंद करने का काम करूंगा। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जध समस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निदान का भरोसा जताया। झारखंड की दयनीय स्थिति



के बारे में पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे शिक्षित बेरोजगार युवा साथियों के दर्द को समझना है तो उनके डिग्रियां देख लीजिए जो अपनी डिग्रियां लिए दर दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं। पलायन की समस्या को समझना है तो बिष्णुगढ़ जैसे सुदुरवर्ती क्षेत्र में पलायन की समस्यायों को देख लीजिए। बड़कागांव और केरेडारी के रैयतों के विस्थापितों की समस्यायों को याद कर लीजिए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग का पूरा लोकसभा क्षेत्र ऐसी ही जन समस्याओं से ग्रस्त है। चारों ओर त्राहिमाम मचा हुआ है। जनता सब देख और समझ रही है और अपने वोट के चोट से सबक सिखाने का काम करेगी। कहा कि हम सभी को मिलजुल कर सामना करना है और पूरी एक जुटता और समझदारी का परिचय देते हुए अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करना है ताकि हमारे क्षेत्र की जन समस्याओं और बेरोजगार युवाओं को दर-दर की ठोकरें खानी नहीं पड़े। कहा कि जब हमारे युवा साथियों को स्थानीय तौर पर रोजगार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी तो पलायन की समस्या का जड़ से खात्मा हो जाएगा। सभी को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिल सकेगा। कहा कि हमारा लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है हमें इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है निश्चित तौर पर जब कोई क्षेत्रीय पार्टी से चुनाव जीत कर आएगा तभी क्षेत्रीय जन समस्याओं का समाधान होना सुनिश्चित हो पाएगा।

## श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में व्याख्यान माला का पाँचवां दिन सम्पन्न

**हज़ारीबाग़** - श्री रामकृष्ण शारदा आश्रण शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय व्याख्यान माला शीर्षक भारतीय शिक्षा पद्धति का पाँचवां दिन सम्पन्न हुआ। यह व्याख्यान माला का विषय था, भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में छात्र विविधता और कौशल विकास । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 अमिता कुमारी, सहायक प्राध्यापिका, विभाविं का शुभ आगमन हुआ । परंपरानुसार कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल, मुख्य अतिथि डॉ0 अमिता एवं सभी सहायक प्राध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ हुआ । प्राचार्य डॉ0 पॉल द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व शॉल से सम्मानित किया । महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य से मुख्य अतिथि को मंत्रमुग्ध कर दिया सहायक प्राध्यापक दयानन्द कुमार यादव ने मुख्य अतिथि के सम्मान में उनकी शैक्षणिक



उपलब्धियों एवं सरल व्यवहार का परिचय दिया । मुख्य अतिथि डॉ0 अमिता ने अपने वक्तव्य में विविधता को परिभाषित किया तथा इसे आवश्यक बताया, साथ ही आज के संदर्भ मैं कौशल विकास का महत्व तथा भविष्य में इसकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया । उन्होंने भारतीय ज्ञान की परिभाषा को पाश्चात्य ज्ञान की परिभाषा से तुलनात्मक विश्लेषण किया । मंच संचालन की भूमिका प्रशिक्षु शिक्षक अनुभव हर्ष और दिलीप टुडू ने निभाई । धन्यवाद ज्ञापन में सहायक प्राध्यापिका सुश्री तनिमा प्रिया ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद देने में स्वयं को सौभाग्यशाली बताया । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल सहित मुख्य अतिथि डॉ0 अमिता आईक्यूएसी समन्वय डॉ0 परीक्षित लायक, डॉ0 अपोलिना बाखला, तनिमा प्रिया, विवेकानन्द पाण्डेय, सुबोध कुमार दुबे, सुनील कुमार सोनी, दयानन्द यादव, श्यामली सलकर, डॉ0 सत्या सिंह, गोपाल राम, सिन्टु कु0 वर्मा, अरविन्द मालाकार, सत्यजीत बेरा, प्रितेश श्रीवास्तव तथा एसबीएम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण अमित कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार, मंजरी कुमारी, सुषमा कुमारी, शुभ्रा रानी सिल, रविकान्त मणि, विवेक कुमार रवि, रविशंकर प्रसाद एवं दोनों महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे ।

## डीएवी के 11 बच्चों ने पानीपत में गोल्ड मेडल और 51 - 51 सौ की इनाम राशि जीती

**हजारीबाग** – डीएवी कैनरी हिल के बच्चों ने एक बार फिर से अपने विद्यालय को गौरवान्वित किया है । डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में हैंडबॉल गर्ल्स की टीम ने गोल्ड मेडल अर्जित किया साथ ही साथ कराटे में भी डीएवी के एक छात्र ने नेशनल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता । डीएवी सीएमसी दिल्ली के पदाधिकारियों ने इन बच्चों की प्रतिभा को सम्मान देने के लिए 20 अप्रैल 2024 को हंसराज जयंती के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल पानीपत में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित करके बच्चों को 51-




51 सौ रुपए की नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया । जब ये बच्चे पानीपत से लौटे तब विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या कविता पाण्डेय ने इनका अभिनंदन करने के लिए विद्यालय में एक विशेष हवन का आयोजन किया। हवन यज्ञ में इन सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। श्रीमती पाण्डेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें हर परिस्थिति में संतुलित रहने की क्षमता देता है। उन्होंने इन बच्चों से भविष्य में भी इसी तरह की सफलता की आशा की साथ ही उनके मैटर अरुणा दिव्यदर्शिनी को भी विशेष साधुवाद दिया। पुरस्कार पाने वालों में आंचल , आदिति, जानवी, कृति, पलक, रिया , साक्षी ,शीतल, तन्नु ,वर्षा और मनीष हैं । इस उपलब्धि से संपूर्ण विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## सलाना उर्स मेले में उमड़ी भीड़, सामाजिक सौहाद्र का दिखा मिशाल, सुरक्षा के थे पुख्ता इंतेजाम

**चौपारण** – प्रखण्ड के चयकला में हजरत दूल्हा शाह बाबा के दरबार में सलाना तीन दिवसीय उर्स मेले के दूसरे दिन काफी भीड़ रही। मेले में सामान खरीदारी से लेकर क़्वालि सुनने को लेकर रात भर भीड़ डटी रही। उर्स मेले के दूसरे दिन यूपी कानपुर के टीवी सिंगर क्वाल महबूब ताज और जलालाबाद दिल्ली के कव्वाल शाने आलम साबरी के बीच शानदार मुकाबले ने रात भर समा बान्धे रखा और लोग कुर्सी से चिपके रहे। वहीं दिनभर बाबा के मजार पर चादरपोशी का तांता लगा रहा। दादपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद सिंन्हा,पूर्व पंसस डब्लू अंसारी सहित कई लोगों ने भी बाबा के दरवार में हाजिरी लगाया। श्रद्धालुओं की माने तो सच्चे दिल से मन्नत मांगने वाले को बाबा अवश्य मन्नते पूरी करते हैं। यही कारण है कि प्रतिवर्ष उर्स के अवसर पर मन्नत पूरी होने वाले सैकडों लोगों द्वारा चादरपोशी की जाती है। मौके पर काजी मतिनुल हसन ने कहा कि आज यहाँ 101 वाँ उर्स मनाया जा रहा है। जिसमें हिन्दू मुस्लिम भाईचारगी का मिशाल दिखती है। वहीं जीटी रोड में एक्सीडेंट के बाद जाम के वजह से बड़े राजनेताओं का आगमन दूसरे दिन नहीं हो पाया।



**चौपारण सीओ व थाना प्रभारी को उर्स कमिटी ने किया समान्नित :** वहीं उर्स मेले को लेकर चौपारण प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम किए गए थे । स्वयं चौपारण सीओ सह प्रभारी बीडीओ संजय यादव व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सशस्त्र बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर अराकीने उर्स कमिटी के सदस्यों ने चौपारण सीओ संजय यादव व थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। कमिटी के सदस्यों ने युवा पदाधिकारीयों की जमकर तारीफ भी की। इस दौरान चयकला के मुखिया प्रतिनिधि हेलाल अख्तर,पंसस प्रतिनिधि फैजान अजमेरी सहित उर्स कमिटी के कई लोग उपस्थित थे।

**बच्चों का आकर्षण बना झूला :** उर्स मेला में उमड़ी भीड़ के बीच लगाये गये विभिन्न प्रकार का झूला बच्चों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। चिलचिलाती धूप में भी उत्साहित बच्चे झूला पर झूलने में मग्न दिखे और दिन ढ़लते ही झूले पर भी भीड़ उमड़ पड़ी। तारा माची , जिक जैक सहित कई प्रकार के झूले महिलाओं बच्चे व युवाओं को आकर्षित कर रहे है। वहीं मेला परिसर में सजी विभिन्न प्रकार की दुकानों पर भी खरीदारों की काफी भीड़ देखी गई, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। अत्यधिक भीड़-भाड़ के मद्देनजर पुलिस को भी सक्रिय देखा गया।

## मसाले के परमिट पर जानवरों के पैर बांधकर तस्करी की कोशिश, पुलिस ने किया नाकाम

चन्दन कुमार

**चौपारण** – पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के मार्गदर्शन में चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह हर दिन कामयाबी के नए झंडे गाड़ रहे हैं। शनिवार को भी चोरदाहा चेकपोस्ट पर एक आयशर ट्रक में क्रूरतापूर्वक लदे गौ वंशीय पशुवों को मुक्त करवाया और 1 तस्कर को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा।




इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना दी गयी कि गया (बिहार) की ओर से एक डीसीएम वाहन पंजियन संख्या यूपी 15 जीटी 6009 में गौवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लोडकर तिरपाल से ढंककर तस्करी करने हेतु बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर मेरे द्वारा एक छापामारी दल का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई हेतु छापामारी दल के साथ चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर गया (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों का सघन जांच किया जाने लगा। इसी दरम्यान अहले सुबह एक नारंगी रंग का डीसीएम वाहन तिरपाल ढंका हुआ को रुकने के इशारा करने पर चालक अपना वाहन को साइड में खड़ा करके वाहन से कूदकर भागने ही वाला था कि साथ आये पुलिस बल के जवानों के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति के द्वारा अपना नाम गुल्फाम उम्र करीब 50 वर्ष पिता सादक अली ग्राम सुल्तानपुर हापुड़प थाना-देहात जिला-हापुड़ (उत्तर प्रदेश) बताया गया। काण्ड में जप्त वाहन से कुल 18 गौवंशीय पशु बैल/सांढ़ को बरामद किया गया है, जिसमें क्रूरतापूर्वक पैर बांधकर लदे होने के कारण 02 पशु ने ट्रक में दम तोड़ दिया। बरामदगी के संदर्भ में चौपारण थाना में सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधानकर्ता बिन्देश्वर महतो को सौंपा गया है।

**आगे आगे एक छोटी वाहन कर रही थी स्कॉट :** पकड़ाये व्यक्ति ने पुलिस को पूछताछ के क्रम में बताया गया कि उसके वाहन के आगे-आगे एक छोटी वाहन स्कॉट करते हुए जा रही थी और पकड़ाये व्यक्ति के अनुसार गौवंशीय पशुओं के तस्करी में एक सींडिकेट शामिल है। वहीं चोरदाहा चेकपोस्ट पर तैनात दंडाधिकारी विश्वनाथ प्रसाद ने बताया कि मसाले के परमिट पर जानवर की तस्करी का प्रयास किया जा रहा था और पुलिस के आंखों में धूल झोंकने के ख्याल से गाड़ी के डाले को पूरी तरह से त्रिपाल से ढंक दिया गया था। बाहर से देखने पर भी पता नहीं चल पा रहा था कि इसमें जानवर लोड हो सकता है।

छापेमारी दल में पुअनि दीपक कुमार सिंह, थाना प्रभारी, पुअनि रतन टुड्डू, पुअनि0 निलेश कुमार रंजन और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे। बतादें कि चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह जॉइनिंग के 67 दिनों में 42 तस्करों को जेल भेज चुके हैं। कारवाई का यह कारवां धीरे धीरे बढ़ता ही जा रहा है।

## स्वागत समारोह का आयोजन किया गया




**बोकारो।** कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व मे जिला कार्यालय दूँदीबाग़ में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक लालजी देशाई के निर्देशानुसार नेली नाथन ने प्रशांत बाउरी को बोकारो जिला कांग्रेस सेवादल का कार्यवाहक मुख्य संगठक नियुक्त किया गया। मौक़े पर जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा की मुझे विश्वास हैं की आप बोकारो जिला सेवादल संगठन को सुदृढ़कर बनाते हुऐ बोकारो कांग्रेस सेवादल को निष्ठा से आगे बढ़ाएंगे ताकि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपेक्षाओं पर खरा उतर सके।वहीं मौक़े पर सतेंद्र यादव, प्रेम पासवान, अब्दुल हाजी मालिक,अशोक सिंह,निवारण तिवारी,नज़ीर अहमद आदि उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व में उत्साह के साथ हो शामिल - डीईओ

**बोकारो** स्टील सिटी के सेक्टर 02 सी स्थित बोकारो इस्पात सिनियर सेकेंडरी विद्यालय एवं सेक्टर 02 डी स्थित बोकारो इस्पात प्लस टू विद्यालय में शनिवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर दूसरे चरण का पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, प्रभारी पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार दोनों विद्यालयों में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। प्रशिक्षण में कुल 660 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को विद्यालय सभागार में ब्रीफ करते हुए संबोधित किया कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी वन,पी टू एवं पी थ्री) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें, पांच वर्ष में एक बार यह पर्व आता है। कुछ ही ऐसे लोग होते हैं जिन्हें मतदान कराने का अवसर प्राप्त होता है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा ङ्क निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है। इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो, सभी मतदान केंद्रों पर वेब कास्टिंग होगी। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। इससे पूर्व, नोडल पदाधिकारी सह प्रशिक्षक पंकज दूबे ने काफी सरल तरीके से पीठासीन पदाधिकारियों को मतदान दल के डिस्पैच के उपरांत, मतदान दिवस के दिन उनके कर्तव्य एवं दायित्व को विस्तार से बताया। पीठासीन पदाधिकारियों के बीच लगभग 45 प्रश्न ङ्क उत्तर के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई। साथ ही, अन्य महत्वपूर्ण दिशा ङ्क निर्देशों की जानकारी दी। वहीं, विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।



## धनबाद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का बोकारो कोर्ट में जनसंपर्क अभियान



**बोकारो-**बोकारो कोर्ट परिसर में इंडिया गठबंधन की धनबाद लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने बोकारो के अधिवक्ताओं से मिलकर उनका बहुमूल्य वोट अपने पक्ष में करने की अपील की। अनुपमा सिंह ने कहा की मैं भी विधि स्नातक हूं और आपके परिवार का एक सदस्य हूं ,सर्व प्रथम अनुपमा सिंह को अधिवक्ताओं ने फूल माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ताओं से अपील की है की अधिवक्ता परिवार की सदस्या विधि स्नातक और योग्य उम्मीदवार अनुपमा सिंह को वोट देकर जिताए ताकि अधिवक्ताओं के समस्याओं को संसद में उठा सके। अनुपमा सिंह अधिवक्ताओं के हरेक टेबल पर जाकर आशीर्वाद ली। इस अवसर पर अधिवक्ता हरी प्रकाश सिंह, साकेत कुमार सिंह, उदय सिंह, संजय कुमार, आकाश टुडू, सोमनाथ शेखर,अतुल कुमार ,विजय कुमार, राम पद गोराई, अमर देव सिंह, दीपिका सिंह, संजीत सिंह, वंशिका सहाय, हसनैन आलम, ओम प्रकाश लाल, ज्योति प्रकाश चौधरी, विभा कुमारी, विनोद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, पंकज यादव, पंकज बंसल, संजय कुमार प्रसाद, नरेश महतो, प्रकाश शेखर, खुर्शीद आलम, आफताब आलम, अनीश अंसारी, रजी अहमद, इत्यादि शामिल थे।

## वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता हैः न्यायाधीश




**धनबाद** - शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया ।शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारीयों, आठ अभियोजन पदाधिकारी,लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों,सिविल कोर्ट कर्मचारीयों, अधिवक्ताओं, डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया।सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने किया जिसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बरला,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे,अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश,उनकी पत्नी मिनल प्रकाश, उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार रवानी,सौरव सरकार,अभिजीत कुमार साधु,पंकज कुमार श्रीवास्तव,श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार,अरूण कुमार,रघुनाथ महतो, सुमन पाठक,शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल,मुस्कान चोपड़ा,स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान,जयदेव बनर्जी,चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम,अनूप कुमार,अशोक कुमार, ने दोपहर बारह बजे तक

रक्त दान किया। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के अध्यक्ष राम शर्मा ने कहा कि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है।रक्तदान एक महान कार्य है रक्तदान कर आप किसी की जान बचा सकते हैं सामाजिक कार्यों में इससे श्रेष्ठ कोई दान नहीं होता।वहीं अवर न्यायाधीश नितासा बरला ने कहा कि डालसा मुफ्त कानूनी सहायता के अलावा सामाजिक कार्यों में बढ़कर हिस्सा लेती है और इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। मौके पर अवर न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अवर न्यायाधीश एंजेलिना जॉन ,अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी,रजिस्ट्रार अभिनव त्रिपाठी, एसएनएमसीएच के डॉक्टर बी के पांडे , अशोक शर्मा,संजीव कुमार,राजू महतो,शंभू साहनी विष्णुपद कुंभकार, टेक्निशियन, प्रार्थना गुप्ता, प्रियंका कुमारी,प्रेरणा,पैरा लीगल वोलेंटियर राजेश सिंह, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु अब तक कोई भी प्रस्ताव मंत्रालय को नही दिया जाना आश्चर्यजनक- बिजय झा

**कतरास-**धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु अब तक कोई भी प्रस्ताव मंत्रालय को नही दिये जाने पर बियाडा के पूर्व चैयरमेन ने हैरानी जताया है. उन्होंने बताया कि धनबाद में नए हवाई अड्डा का निर्माण के लिए मैंने 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को एक पत्र लिखा था जिसका जबाब विगत 25 अप्रैल 2024 को अमित कुमार झा, अपर सचिव, भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुआ.

पत्र के अनुसार नगर विमानन भारत सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत आज तक मंत्रालय को नहीं दिया गया है. यह सचमुच में चौकाने वाला है. उन्होंने पुनः राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें. बताया कि धनबाद में स्थल की कमी नहीं है. जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक एयरपोर्ट बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं. उन्होंने मामले को गंभीरता से लेने का आगमन किया.

## संत ज़ेवियर्स विद्यालय में पारस्परिक वार्तालाप सेशन का आयोजन



**बोकारो।** शनिवार को सेंट जेवियर्स स्कूल, बी.एस. सिटी में प्रिंसिपल के साथ कक्षा द्वितीय के अभिभावकों के साथ पारस्परिक वार्तालाप सेशन आयोजित किया गया। सेशन की शुरुआत प्रार्थना से हुई। जिसके बाद फादर अरुण मिंज, एस. जे. ने अभिभावकों के साथ पेरेंटिंग के अलग-अलग स्टाइल यानि अधिनायकवादी, अनुमोदक, अधिकारपूर्ण और उपेक्षा करने वाले पर चर्चा की। छात्र हमारे भविष्य के संसाधन हैं, उन्हें बहुत सावधानी से संभालना चाहिए और सकारात्मक प्रेरणा देनी चाहिए। उन्हें एक निर्धारित समय-सारिणी का पालन करना चाहिए। अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार करना चाहिए और उनके लिए उदाहरण स्थापित करना चाहिए। शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक और सामान्य निर्देश साझा किए गए। कार्यक्रम का समापन स्टाफ में से एक द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। बातचीत बहुत ही व्यावहारिक और उत्साहजनक थी और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

## धनबाद उपायुक्त ने अंगारपथरा में बूथ का किया निरीक्षण,अधिकारियों को दिया दिशा निर्देश



**कतरास.** गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने महावीर मध्य विद्यालय अंगार पथरा के चार बूथ का निरीक्षण की , निरीक्षण के दौरान बूथ नंबर 280 संवेदनशील को लेकर कई दिशा निर्देश अंगार पथरा ओपी प्रभारी को दी, सुश्री मिश्रा ने निर्देश देते हुए कही कि चुनाव के दिन बांस का ब्रिकेट बनाकर घेराबंदी करे,शौचालय ,बिजली व पानी की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें , वोटिंग के दिन लोगों से अपील करें की सुबह 7:00 से 5:00 बजे तक वोट करें,इसके लिए कई वोटरों के साथ मीटिंग कर उन्हें सुनिश्चित करें की बूथ पर आपको किसी भी तरह का कोई परेशानी नहीं होगा बिना किसी प्रलोभन या डर भय के अपना मताधिकार का प्रयोग करें. मौके पर बाघमारा वीडियो डॉ सुषमा आनंद, सीओ रवि भूषण प्रसाद , अंगार पथरा ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज




**धनबाद** /उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने आज मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इस संबंध में प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है। जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## लीड ऑडिटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया समापन

बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा आईएसओ 45001–2018 ओ एच एस एम एस पर 22 अप्रैल से 26 अप्रैल तक लीड ऑडिटर के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में किया गया. बी के सरतापे , मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे. बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के महा प्रबंधक - प्रभारी ए के सिन्हा तथा महा प्रबंधक अनुपमा तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी.मेसर्स टी यू वी के मुख्य प्रशिक्षक शलभ कपूर तथा श्री सौविक ने लीड ऑडिटर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संकाय के रूप में अपना योगदान दिया. प्रशिक्षण के दौरान आईएसओ - 45001 मानक और ऑडिटिंग के सभी मुख्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के उपरांत ढ्ढस्न्ह 45001–2018 ओ एच एस एम एस पर प्रमाणित लीड ऑडिटर का प्रमाण पत्र दिया गया.

## एक मई को धनबाद लोकसभा से जगदीश रवानी करेंगे नामांकन

भूली, 27 अप्रैल मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक भूली ए ब्लॉक में अरविंद तिवारी का अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य बैठक में मुख्य रूप से मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे द्य बैठक को सम्बोधित करते हुए पवन महतो ने कहा कि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी 1 मई को धनबाद लोकसभा से मासस प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे द्य धनबाद लोक सभा से जगदीश रवानी की जीत के लिए मायुमो कार्यकर्ता तन मन धन से लग जाए द्य बैठक में मुख्य रूप से राजेश रवानी, विक्की रजक, मंटू रवानी राजकुमार महतो, सुबोध महतो, शंकर महतो, लाल रजक, ननकू रवानी, दिनेश रवानी आदि शामिल थे द्य



## बीजीएच में चार (04) नए एम्बुलेंस औपचारिक रूप से शामिल

**बोकारो।** 27 अप्रैल को बी एस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में बोकारो जनरल हॉस्पिटल में चार (04) नए एम्बुलेंस को औपचारिक रूप से शामिल किया गया. कार्यक्रम में श्री सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन), श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा), श्री राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) ,बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय के साथ वरीय डॉक्टर्स, अधिकारीगण तथा कार्मिक शामिल थे.नए एम्बुलेंस में मरीजों के जीवन रक्षा की सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हैं. इनमें से 02 एम्बुलेंस संयंत्र स्थित व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र में और 02 बीजीएच में तैनात रहेंगे तथा बीएसएल प्लांट और टाउनशिप के भीतर चौबीसों घंटे संचालित होगी। बी एस एल प्रबंधन अपने कार्मिकों एवं उनके आश्रितों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 06542 -289055 जारी की है जिसपर सूचना देकर आकस्मिक समय में एम्बुलेंस की सुविधा प्राप्त की जा सकती है.

## भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारियो की बैठक हुई

**▶▶ 30 को ढुलु महतो करेंगे नामांकन**

**▶▶ इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे**





**धनबाद /** भाजपा धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए सभी संकल्पित होकर लग जाए। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी।लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है।

लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं निश्चित रूप से धनबाद में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय प्राप्त करेगी। महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि 30 तारीख को होने वाले नामांकन और जनसभा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के सभी 1159 बूथों का प्रतिनिधित्व होगा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री नितिन भट्ट तथा जिला उपाध्यक्ष संजय झा ने किया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हरि प्रकाश लाटा,महावीर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल,भरत यादव,रमेश राही,राजकुमार अग्रवाल, ज्ञानरंजन सिंहा,जिला महामंत्री रवि सिंहा,जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, मानस प्रसून,वीरेंद्र हांसदा,उमेश यादव, जिला मंत्री सुरेश महतो,सुमन अग्रवाल, मिल्टन पार्थ सारथी,राजकिशोर जेना,रजनीश तिवारी,सुशील सिंह,योगेंद्र यादव,रामदेव महतो, प्रितपाल सिंह अजमानी,विकास मिश्रा,आनंद खंडेलवाल,मौसम सिंह,निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, शिवांश श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे

# पत्नी से हुए झगड़े के बाद गुस्साए पति ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखंड के ग्राम गेरेंजा में प्रसाद यादव 50 वर्ष पिता स्व.सोमर यादव ग्राम गेरेंजा थाना बालूमाथ निवासी ने अपनी पत्नी से हुए झगड़ा के बाद जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया ।घटना के बाद परिजनों द्वारा प्रसाद यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।एवम् उसकी स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर किया गया ।प्रसाद यादव की पत्नी ने बताया की शनिवार को प्रसाद यादव ने जमकर शराब पी लिया था ।जिसको लेकर उससे झगड़ा हुआ ।जिसके बाद गुस्से में आकर प्रसाद ने टमाटर में डालने वाला कीटनाशक दवा खा लिया ।

# रैयती जमीन से सड़क हटाकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने को लेकर सीसीएल को दिया आवेदन



**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी से विस्थापित हुए शुभम कुमार पिता उमेश प्रसाद साह ग्राम नगड़ा,बेलवाडीह थाना बालूमाथ निवासी ने सीसीएल द्वारा अधिकृत की गई अपनी जमीन से परिवहन कार्य पर रोक लगाते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग किया है । इस संबंध में शुभम कुमार ने परियोजना पदाधिकारी तेतरियाखांड को आवेदन देकर कहा है कि बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में खाता संख्या 119 प्लॉट संख्या 1645 रकबा एक एकड़ 10 डिसमिल भूमि मेरी खतियानी जमीन है ।जिसका हाल सर्वे में मेरे दादा नंदकिशोर साहू के नाम से दर्ज है ।तथा ऑनलाइन मालगुजारी रसीद निर्गत होते आ रहा है ।उक्त जमीन में 20 डिसमिल जमीन को सीसीएल द्वारा लिया गया था और कहा गया था कि नियम अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा ।और माइनिंग कार्य हेतु सड़क बनाने की अनुमति मांगा था ।मिले आश्वशन के बाद हम लोगों ने सीसीएल को जमीन दे दिया ।बावजूद इसके 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है ।जिस कारण अधिकृत की गई जमीन पर मुझे भवन निर्माण हेतु अनुमति दी जाए ।अगर आवेदन के 15 दिनों के भीतर इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो मैं स्वयं सड़क हटा दूंगा ।तथा भवन निर्माण कर आरंभ कर दूंगा जिससे आपका आगमन बाधित हो जाएगा ।इसलिए आप वैकल्पिक व्यवस्था बना लें ।वही इस आवेदन की प्रतिलिपि लातेहार उपायुक्त लातेहार,पुलिस अधीक्षक,अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार,सीसीएल महाप्रबंधक राजहरा एरिया,बालूमाथ अंचलाधिकारी,बालूमाथ थाना प्रभारी,बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी दिया है।

# मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर मोटरसायकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजा कुरैशी 20वर्ष पिता एजाजुल कुरैशी कुरैशी मोहल्ला बालूमाथ निवासी अपने मोटरसायकिल से गोबरीटोला बालूमाथ जा रहा था ।इसी दौरान गोबरीटोला ग्राम के पास ठोकर में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्तिथि को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु राँची रिम्स रेफर किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट आयी है जिस वजह से वह कोमा में चला गया है ।

# सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के नॉमिनेशन में लिया भाग



**बालूमाथ ।** चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नॉमिनेशन कार्यक्रम में बालूमाथ से सैकड़ो कार्यकर्ताओ जत्था चतरा के लिए रवाना हुआ ।मौके पर जानकारी देते भाजपा नेता रामकुमार गुप्ता ने बताया कि नॉमिनेशन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 100 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की व्यवस्था किया गया था ।जिसमे बालूमाथ प्रखंड के सभी 13 पंचायत को आठ-आठ वाहन दिया गया था ।इसके अलावा कई कार्यकर्ता अपने निजी वाहन से भी कार्यक्रम में भाग लिया ।आगे उन्होंने बताया कि पीएम मोदी द्वारा दिये गए नारा अबकी बार 400 पार को पूरा करने के लिए सभी भाजपा कार्यकर्ता प्रयासरत है ।भाजपा ने जिस तरह स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देकर स्थानीय लोगो के भावनाओं का ख्याल रखा है ।भाजपा प्रत्याशी पांच लाख से अधिक मतो से विजयी होंगे ।आगे बताया कि नॉमिनेशन कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी,पांकी विधायक शशिभूषण मेहता समेत कई दिग्गज नेता भाग लेंगे ।मौके पर भाजपा नेता प्रेम गुप्ता,कृष्णा यादव,शैलेश सिंह,संजीव सिन्हा, रवि सिंह,अखिलेश भोक्ता,सूरज शाह, दिनेश साव, विजय यादव,प्रकाश सिन्हा,अमित गुप्ता,गोलू साव,ज्योति सिन्हा,लछमन कुशवाहा,परमेश पांडे,पंकज सिन्हा,आशीष कुमार,उपेंद्र रंगीला, ईश्वर लाल,कैलाश यादव समेत कई लोग उपस्थित थे ।

# जेल में बन्द सजायाप्ता बन्दी से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शनिवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सजायाप्ता बन्दी से मिले और उन्होंने कहा कि जो सजायाप्ता बन्दी अभी तक किसी कारण से अपील नहीं कर पाए हैं उनको अपील करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कोई भी सजा पाए बन्दी बिना अपील किए नहीं रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से वैसे बन्दियों को मुक्त में अपील करने की व्यवस्था की गई है ।उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से कई बन्दियों का अपील माननीय झारखंड उच्च न्यायालय में दाखिल कराया गया है। वही जो बन्दी अपील के लिए रह गए हैं उनका भी अपील माननीय उच्च न्यायालय में सरकारी खर्च पर दाखिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से समाज के कमजोर व बंचित लोगों को। मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है ।इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कोई भी सजा प्राप्त बंदी अपील हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में बंदी आवेदन भेज सकता है।

# इंडिया गठबंधन समर्थित दलों के पदाधिकारियों की हुई बैठक



**हज़ारीबाग** - हज़ारीबाग़ लोकसभा में प्रचंड जीत के लिए इंडिया गठबंधन के समर्थित दलों ने अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। शनिवार को हज़ारीबाग के हीराबाग में सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कमिटी की महाबैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। सबने एक स्वर में कहा कि यह हज़ारीबाग सीट हम सब के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई है। जिस पार्टी ने एक आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया है। उसे हराने के लिए पूरी झामुमो टीम तन-मन-धन से एक पैर पे खड़ी है। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित झामुमो पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सभी से साथ और समर्थन की अपील किया।

**कांग्रेस कार्यकारणी की भी हुई बैठक** कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल के समर्थन में हज़ारीबाग़ जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक भी किया गया। इस दौरान कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने चुनावी रणनीति बनाई।

बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक अकेला यादव, अदीब रिज़्वी, जयशंकर पाठक, आरसी मेहता, प्रकाश यादव, नीलकंठ महतो, संजीव कुमार, संजय कुमार सिंह, मुन्ना सिंह, मेहताब हुसैन, राजा मोहम्मद, रवि सिंह, उज्जवल सिंह, वीरेंद्र राणा, झमन प्रसाद महतो, इंद्रदेव राम, रहमान, नन्नू प्रसाद, आसिम खान, सरफराज अहमद, विनेश पासवान, हेमंत, अनन्या मुखर्जी, आसीम अंसारी, मनोहर राम, देवनारायण महतो, राजेश बेड़िया, बालकुमार महतो, लखनलाल महतो, रज़ी अहमद, निसार खान, साजिद खान आदि मौजूद आदि सैकड़ों गणमान्य लोग के साथ कार्यकर्तागण मौजूद रहे। सबों ने इंडिया गठबंधन को जिताने का संकल्प लिया।

# सुपरस्टार सिंगर 3 पर, नेहा कक्कड़ ने प्रतियोगी क्षितिज सक्सेना की तारीफ की

**हज़ारीबाग़** – इस वीकेंड, सोनी पर 'सुपरस्टार सिंगर 3' के दर्शकों को दिल छू लेने वाले संगीत, पुरानी यादों और बहुत कुछ से भरा मनोरंजक एपिसोड देखने को मिलेगा ! यह शो प्रसिद्ध म्यूज़िक डायरेक्टर्स - नदीम-श्रवण की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करेगा, जिन्होंने 1990 के दशक में चार्ट पर राज करने वाली यादगार धुनें बनाई हैं। 'नदीम-श्रवण स्पेशल' में, प्रतियोगी इस शानदार जोड़ी को सम्मानित करते हुए उनके कुछ सदाबहार क्लासिक्स का जादू बिखेरेंगे। उत्तर प्रदेश के 13 वर्षीय क्षितिज सक्सेना ने अपने गानों से मेहमानों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इस प्रदर्शन के लिए सुपर जज नेहा कक्कड़ और खास मेहमानों से तारीफें मिलेंगी। अनुराधा पौडवाल ने कहा, क्या शानदार परफॉर्मेंस है, हमारे खूबसूरत देश के हर कोने से ऐसी प्रतिभाओं को उभरते हुए देखकर मेरा दिल खुशी से भर जाता है। ईश्वर पर आपकी कृपा बनी रहे।

# डीएनएस फाउंडेशन ने 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का किया वितरण

**मेदिनीनगर पलामू** जन-सेवा को समर्पित गैर सरकारी संगठन डीएनएस फाउंडेशन,रांची ने पलामू जिला मुख्यालय स्थित होली क्रॉस स्कूल के 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा, स्कूल के निदेशक चन्द्रभूषण सिन्हा समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक तथा बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता सिन्हा ने कहा कि डीएनएस फाउंडेशन शिक्षा अर्जन को हमेशा प्राथमिकता देता है। शिक्षा से ही आज के बच्चे कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, जो एक सुदृढ़ एवं सफल समाज का निर्माण करेंगे। गौरतलब है कि डीएनएस फाउंडेशन पिछले कई सालों से पलामू के बच्चों के बीच उनकी अच्छी पढ़ाई के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर रहा है। इसके अलावा डीएनएस फाउंडेशन ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल के 10 बच्चों की पढ़ाई का सम्पूर्ण जिम्मा लिया है।

डीएनएस फाउंडेशन की डायरेक्टर गीता सिन्हा ने बताया कि कई बच्चों में से 10 ऐसे बच्चों को चुना गया है, जो या तो अंत्यंत गरीब परिवार से हैं या जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। इन बच्चों को पढ़ने में कोई परेशानी न हो, इसकी कोशिश डीएनएस फाउंडेशन ने की है। उन्होने बताया की इन बच्चों के स्कूल फी का खर्च डीएनएस फाउंडेशन वहन करेगा।

# बालू ले जा रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की घटनास्थल पर ही मौत



**बड़कागांव** – बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के हुदवा गावँ में शुक्रवार रात्रि लगभग 9ः00 बजे सिकरी के पारपैन से बालू ले जा रहे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ट्रैक्टर चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना का जानकारी मिलते हैं डाड़ीकला थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा। बताया जाता है कि सिकरी निवासी सिद्धेश्वर महतो के पुत्र दशरथ कुमार उम्र लगभग 16 वर्ष ट्रैक्टर से बालू लेकर हजारीबाग के आसपास के क्षेत्रों में बिक्री के लिए ले जा रहा था, लेकिन बीच रास्ते में ही ट्रैक्टर के पलटने से ट्रैक्टर ड्राइवर दशरथ कुमार इंजन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। बताया जाता है कि अक्सर इस रास्ते से चोरी छिपे बालू बिक्री के लिए ले जाया जाता है और हमेशा इस रास्ते पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। ट्रैक्टर मालिकों द्वारा लगभग सभी ट्रैक्टरों में नाबालिक बच्चों से ट्रैक्टर चलवाया जाता है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होते रहती है। मृतक दशरथ कुमार इसी वर्ष 2024 के मैट्रिक की परीक्षा उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिकरी से उत्तीर्ण किया था।

# शहर के विकास में व्यवसाईयों की बड़ी भूमिका : अरुणा शंकर

## झारखंड का सर्वाधिक पढ़ा लिखा प्रत्याशी को पलामू में चुनने का अवसर

**मेदिनीनगर** मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड स्थित मल्टी ब्रांडेड शोरूम एवं सर्विस सेंटर जय मां दुर्गा का उद्घाटन करते हुए कहीं हमारे शहर के विकास में व्यवसाईयों की अहम भूमिका है द्य व्यवसाइ नित्य अपनी पूंजी लगाकर अपनी शाख पर बैंक से कर्ज लेकर जहां शहर में एक से एक अत्याधुनिक शोरूम खोल रहे वही कई युवा, युक्तियों को रोजगार देते हुए सरकार को जीएसटी के रूप में भारी भरकम राजस्व भी दे रहे द्य आज रांची रोड में जय मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांडेड शोरूम का खोला जाना इसी कड़ी में एक शुभ संकेत है जिसके लिए मैं इस संस्था के मालिक धर्मेंद्र सिंह और सुमित पाठक को बधाई देती हूं द्य प्रथम महापौर ने उपस्थित लोगों से अपील की गर्मी बढ़ते जा रही है फिर भी 13 तारीख को मतदान जरूर करें आपका एक वोट मजबूत राष्ट्र का निर्माण करेगा द्य प्रथम महापौर ने कहा हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे पलामू लोकसभा को झारखंड का सर्वाधिक पढ़ा लिखा अनुभवी सांसद प्रत्याशी के रूप में चुनने का अवसर भाजपा ने एक आईपीएस ऑफिसर पूर्व डीजीपी श्री बी डी राम जी को तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाकर दिया है जिसे वोट कर पुराने लोगों के साथ-साथ नई पीढ़ी उत्साही होगी और वह कह सकते मैंने अपने जिंदगी का पहला वोट झारखंड का सर्वाधिक पढ़े लिखे प्रत्याशी को दिया द्य प्रथम महापौर ने महिलाओं एवं बहनों से खासकर अपील की आप अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए वोट करने अवश्य जाएं

# पान दुकान से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचने वाला का भंडाफोड़

**मेदिनीनगर** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध रूप से शराब विक्रेताओं के प्रति लगातार छापामारी जारी है वही पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देशानुसार पलामू पुलिस क़ो बहुत बड़ी अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस ने दो शराब तस्कर रोहित कुमार सिंह और उपेन्द्र कुमार को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।एसपी रिष्मा रमेशन ने जानकारी देते हुए कहा है कि पलामू पुलिस क़ो मिली गुप्त सुचना प्राप्त के आधार पर सगालिम बस स्टैन्ड के पास रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भण्डारण कर बिक्री किया जा रहा है। इसकी सुचना वरिय पदाधिकारी को दिया गया। वरिय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं छापामारी दल के साथ सगालीम बस स्टैन्ड स्थित रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान में विधिवत किंगफिशर कंपनी का 650 स्रू वाला बीयर बोतल 19 पीस,गॉड फादर कंपनी का 650 स्रूवाला बीयर का बोतल 12 पीस सहीत क्क्/ स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 750 स्रूवाला शराब का बोतल- 02 पीस (4) रॉयल स्टैग कंपनी का 750 स्रूवाला शराब का बोतल -01 पीस, इम्पीरियल ब्लू कंपनी का 375 स्रूवाला शराब का बोतल-13 पीस,क्क्/ स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 375 स्रूवाला शराब का बोतल 07 पीस,रॉयल स्टैग कंपनी का 180 स्रूवाला शराब का बोतल 13 पीस, कुल-67 पीस छापामारी किया गया तो उक्त दोनों दुकानों से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया गया, जिसे विधिवत जप्ति सुची बनाकर जप्त किया गया।उत्पाद अधिनियम दर्ज कर रोहित पान दुकान तथा उपेन्द्र पान दुकान के संचालक को अवैध शराब बिक्री करने के आरोप में विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# लोक अदालत में 146 मामले का किया गया निस्तारण

**मेदिनीनगर** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 27 अप्रैल शनिवार को 7ः30 बजे सुबह से व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत व स्पेशल लोक अदालत एन आई एक्ट व बिधुत विभाग से सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया है।इसमे 146 मामले का निस्तारण किया गया।व नव लाख 49 हजार 975 रुपए का मामला सेटल हुआ।इस सम्बंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले 11 पीठों का गठन किया गया था। वही एक हेल्प डेस्क बनाया गया था। प्रथम पीठ में पारिवारिक विवाद का निपटारा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता वीणा मिश्रा कर रहे थे। पीठ दो में इलेक्ट्रिसिटी एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह व अधिवक्ता अमिताभ चन्द सिंह कर रहे थे इस पीठ में बिधुत विभाग के 36 मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या तीन में जिला व सत्र न्यायाधीश के कोर्ट व सभी जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार व अधिवक्ता शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी कर रहे थे। ।इसमे एम ए सी टी के एक मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या चार में अपराधिक मामले का निस्तारण आनंद सिंह मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे कर रहे थे ।इस पीठ में आपराधिक 18 मामले का निस्तारण किया गया। ।पीठ संख्या पाँच में सिविल जज सीनियर डिवीजन के सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण ए सी जे एम संदीप निशित बारा व अधिवक्ता कुमार शिवाजी सिंह कर रहे थे।। पीठ संख्या छह में सिविल जज जूनियर डिवीजन सभी कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन चन्दन कुमार गोस्वामी व अधिवक्ता वीर विक्रम वक्स राय कर रहे थे।पीठ संख्या सात में एन आई एक्ट से संबंधित मामले का निस्तारण रोजलिना बारा व अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय कर रहे थे ।इस पीठ में एन आई एक्ट के एक मामले का निस्तारण किया गया।। पीठ संख्या आठ में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण जे एम रितु कुजूर व अधिवक्ता अशोक कुमार मिश्रा कर रहे थे ।इस पीठ में जे जे बोर्ड के एक मामले का निस्तारण किया गया ।पीठ संख्या नव में रेलवे कोर्ट से सम्बंधित मामले का निस्तारण रेलवे जेएम मनोज कुमार व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे ।इस पीठ में रेलवे के दो मामले का निस्तारण किया गया।पीठ संख्या 10 में प्री लिटीटिगेशन से सम्बंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद कर रहे थे।इस पीठ में दो मामले का निस्तारण किया गया।व पीठ संख्या 11 में एग्जेक्युटिव रेवेन्यू व श्रम विभाग से संबंधित मामले का निस्तारण सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे।इस पीठ में 107 सी आर पी सी के 85 मामले का निस्तारण किया गया।वही एक हेल्पडेस्क लोगों को मदद के लिए बनाया गया था। जिसमे अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम वादकारियों को मदद कर रहे थे।वन विभाग को 17 हजार 400 व उत्पाद बिभाग को 58 हजार 375 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।विधुत विभाग को दो लाख 60 हजार रुपये व रेलवे को एक हजार रुपए राजस्व प्राप्त हुआ।

# पुलिस ने की रजवार में अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**हरिहरगंज पलामू** पुलिस अधीक्षक पलामू रीष्मा रमेशन के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में शनिवार को सेमरवार पंचायत के रजवार गांव में छापेमारी की गयी। इस दौरान तीन घरों से करीब डेढ़ क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर निर्मित शराब के साथ ही शराब बनाने के 15 जार सहित अन्य उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवाले और बिक्री करने वालों में हड़कंप है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की सख्ती आगे भी जारी रहेगी।छापामारी अभियान में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

# गरीब परिवार की सहायता के लिए आगे आए विवेक,जायसवाल एवं सत्य,प्रकाश

**मेदिनीनगर** डालटनगंज बाजार के शास्त्री नगर निवासी केदार गुप्ता की सेवा सदन के बाहर ठेले पर बादाम बेच कर जीवन व्यापन करते है, आज उनकी बेटी को ऑपरेशन के लिए ब्लड की आवश्यकता हुई परन्तु कोई भी आगे नहीं आए... शास्त्री नगर वाशी राष्ट्रवादी अविनाश राजा जो की अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के ज़िला अध्यक्ष है उन से आग्रह किया गया, उन्हों ने आपने संपर्क के माध्यम से समाज से आग्रह किया तब जा कर दो सज्जन पुरुष विवेक जायसवाल एवं सत्य प्रकश आगे आए, दोनों ने रक्त दान किया , रक्त दान के बाद उन्हें सम्मानित किया गया जूस, फलो से भरी टोकरी, भगवा गमछा, मोमेंटो, माला से.. उन दोनों सज्जन पुरुष का हौसला बढ़ाया गया, आग्रह किया की भविष्य मे कभी कोई बेबस, लाचार, गरीब की आवश्यकता पड़े तो बेझिझक आगे आए... वेवस्थापक मे रविशंकर गुप्ता उर्फ़ चिंटू गुप्ता ने मुख्य रोल निभाया... उनके साथ रौशन सोनी ने उनका साथ दिया..

# घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे बीएलओ

**हरिहरगंज** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत पलामू लोकसभा क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसे लेकर बीडीओ सह प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी कुमार अरबिंद बेदिया ने बताया कि प्रखंड के 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन मतदाताओं को आगामी 2 व 3 मई को होम वोटिंग की सुविधा की गयी है। साथ ही उन्होंने कहा कि बीएलओ पर्यवेक्षक क्षेत्र भ्रमण कर उन मतदाता को चिन्हित करे, जिनके पास लेमिनेटेड पहचान पत्र है। तथा वैसे मतदाता जिनका नाम वोटर लिस्ट में है. परंतु मतदाता पहचान पत्र नही है, या वोटर आईडी कार्ड पुराना है, तथा फोटो पहचान में नहीं आ रहा है। वैसे मतदाता किसी भी फोटो पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड के साथ वोट दे सकते हैं। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि 26 अप्रैल से 9 मई तक अपने अपने क्षेत्रों में घर-घर जा कर मतदाता पर्ची का वितरण करे और साथ ही 13 मई को वोट देने के लिये सभी को प्रेरित करें।

# एसडीओ ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

**हरिहरगंज** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा ने पिपरा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। बूथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाडीह पहुंचकर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी मतदाता को जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं को भयमुक्त और निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की। इसके अलावा वोटरों के लिए रैप, शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी मुहैया कराने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए गये। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को पलामू संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासन अलर्ट है। मौके पर पिपरा बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी, थाना प्रभारी बिमल कुमार आदि मौजूद थे।

# स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**पांकी** ्र स्वीप कार्यक्रम के तहत पांकी प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया. पांकी बीडीओ अरूण कुमार मुंडा, अंचलाधिकारी राजकुंवर सिंह ने मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया. शनिवार को पांकी जरही मोड़, कर्पूरी चौक, भगत चौक सहित प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता यात्रा निकाली गयी. मौके पर मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई. इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया. इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया गया. मौके पर जेएसएलपीस के बीपीएम, सीसी कैडर एवं दीदी समूह की महिला कर्मी उपस्थित थीं.

# आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटंस का आरसीबी से मुकाबला आज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में रविवार को यहां गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को जहां पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं आरसीबी ने अपने पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबार को हराकर अपनी लय हासिल करने का प्रयास किया है। अंक तालिका की बात करें तो गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। वहीं आरसीबी चार अंकों के साथ ही सबसे नीचे दसवें नंबर पर है।

गुजरात जायंट्स को अगर इस मैच में जी दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर अंकुश लगाना होगा। विराट ने इस सत्र में सबसे अधिक रन बनाये हैं। इसके साथ ही उसे आरसीबी के मध्यक्रम को भी रन बनाने से रोकना होगा। गुजरात की टीम का अगर प्लेऑफ के लिए संभावनाएं रखनी हैं तो उसे हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

गुजरात के तेज गेंदबाजों को सुधार की जरुरत है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। उसके गेंदबाजों मोहित शर्मा , उमेश यादव, संदीप वारियर ने अब तक काफी रन दिये हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी विफल रहे हैं। उनके स्पिनर राशिद खान , आर साई किशोर और नूर अहमद भी अब तक उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं, राशिद ने हालांकि निचले क्रम पर फिनिशर की अच्छी जिम्मेदारी निभाई है।

उसके गेंदबाजों को आरसीबी के मध्यक्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन से सावधान रहना होगा। रजत भी पिछले कुछ मैचों से लय में आ गये हैं। वह स्पिनरों के खिलाफ बेहद आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में स्पिनरों पर हमला करते हुए अर्धशतक लगाये हैं। वहीं ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी खेली थी।

इसके अलावा निचले क्रम में आरसीबी के पास दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर जैसे बल्लेबाज हैं। विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी ने सभी मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलायी है।




गेंदबाजी की बात करें तो आरसीबी इसमें कमजोर रही है। उसके मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल के अलावा कैमरन ग्रीन ने अब तक निरशा किया है। स्पिनरों की बात करें तो लेग स्पिनर कर्ण शर्मा भी साधारण रहे हैं।

दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान शुभमन गिल के अलावा साई सुदर्शन पर आधारित रही है। इनके अलावा डेविड मिलर , विजय शंकर और राहुल तेवतिया जैसे खिलाड़ी भी उसके पास हैं पर ये सभी अब तक टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो ये मुकाबला बराबरी का रहेगा।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार वैश्यक। आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटन्स-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बी आर शरथ।

# आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाया



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को जून में होने वाले आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। आईसीसी ने एक कार्यक्रम में युवराज को ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने की पुष्टि की है। युवराज ने टी20 विश्व कप के पहले ही संस्करण में एक ओवर में छह छक्के लगाये थे। उसी के प्रति सम्मान व्यक्त करने आईसीसी ने उन्हें ब्रांड एमबेस्डर बनाया है।

इससे पहले वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और दिग्गज एथलीट उसेन बोल्ट को भी इस टूर्नामेंट के लिए ब्रांड एम्बेस्डर बनाया गया था। युवराज ब्रांड एमबेस्डर के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले और उसके दौरान विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें 9 जून को न्यूयॉर्क में भारत और पाकिस्तान मैच भी शामिल है।

युवराज ने उन्हें ब्रांड एम्बेसडर बनाये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह सम्मानित अनुभव कर रहे हैं। इस पूर्व भारतीय ऑलराउंडर ने इस पर कहा, टी20 विश्व कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे अच्छी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं, जिसमें एक ओवर में छह छक्के लगाना भी शामिल रहा है, इसलिए इस संस्करण का हिस्सा बनना बहुत खुशी की बात है।

उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां प्रशंसक इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

वहीं आईसीसी महाप्रबंधक विपणन और संचार क्लेयर फर्लांग ने युवराज को ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, युवराज को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के ब्रांड एम्बेस्डर के रूप में नियुक्त करना सम्मान की बात है। उनका नाम टी20 विश्व कप का पर्याय है।


# देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में महिला फुटबॉल की लोकपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं। वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जार रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं। साथ ही तीन बार की चैंपियन गोकुलम केरला भी है, जो विदेशों में प्रतियोगिता खेलने वाली भारत की पहली महिला टीम थी। अब यह भी बदलाव हुआ है कि महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को क्लब पेशेवर अनुबंध भी देने लगे हैं। इससे खिलाड़ियों को अच्छी रकम भी मिल रही हैं।

# तिलक-हार्दिक की पारी गई बेकार, दिल्ली ने मुंबई को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 43वां मैच में 10 रन से जीत दर्ज की है। दिल्ली ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए जेक फ्रेजर-मैकगर्क की 27 गेंदों पर 11 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 84 रन की धमाकेदार पारी की बदौलत 4 विकेट के नुकसान पर 257 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी मुंबई की शुरूआत भले ही धीमी रही लेकिन तिलक वर्मा (63) और हार्दिक पांड्या (46) ने उम्मीद जगाई लेकिन 247/9 के स्कोर के साथ लक्ष्य को भेदने में नाकाम रहे।



पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली ने पहले ही ओवर में तेवर जाहिर कर दिये थे जब ल्यूक वुड को जैक ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा। दूसरे ओवर में आए जसप्रीत बुमराह को भी उन्होंने नहीं बख्शा और पहली गेंद पर लांग आन में छक्का, दूसरी पर मिडआन में चौका तथा छठी गेंद पर मिडविकेट में चौके समेत 18 रन निकाले। इस सत्र में शानदार फॉर्म में दिख रहे बुमराह का यह सबसे महंगा ओवर रहा। तीसरे ओवर में नुवान तुषारा को पोरेल ने मिडआफ पर चौका जड़ा। इसके बाद मैकगुर्क ने कवर्स, फाइन लेग और स्ट्रेट में तीन चौके लगाकर रनगति को तूफानी गति से बढाए रखा।


उन्होंने अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला के अगले ओवर में छक्का लगाया और इसी ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया। पांचवें ओवर में मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या गेंदबाजी के लिए आए तो मैदान पर 'रोहित रोहित% का शोर गूंजने लगा। खराब फॉर्म में चल रहे हार्दिक ने अपने पहले ही ओवर में 20 रन लुटाये और मैकगुर्क ने उन्हें दो छक्के तथा दो चौके जड़ डाले। बुमराह ने छठे ओवर में दबाव कुछ कम करने की कोशिश करते हुए सिर्फ तीन रन दिए। दिल्ली ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 92 रन बनाए। हार्दिक को सातवें ओवर में पोरेल ने नसीहत दी और दो चौके तथा दो छक्कों समेत 21 रन निकाले।

खतरनाक हो चुकी इस साझेदारी को आखिरकार आठवें ओवर में चावला ने तोड़ा जब उनकी गेंद पर मैकगुर्क ने मिडविकेट में मोहम्मद नबी को कैच थमाया। वहीं पोरेल भी दसवें ओवर में नबी का शिकार हुए और आगे बढकर खेलने के प्रयास में ईशान किशन की चुस्त स्टम्पिंग पर विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 27 गेंद में 36 रन बनाए जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। दोनों जमे हुए बल्लेबाजों के आउट होने के बाद शाई होप ने जिम्मा संभाला और अगले ओवर में चावला को लांग आन पर छक्का लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की। उन्होंने 12वें ओवर में नबी को भी दो छक्के लगाए।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने नुवान तुषारा को अगले ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़कर दर्शकों को खुश कर दिया। वुड को दूसरे स्पैल में पहली दो गेंद पर होप ने छक्के जड़े लेकिन तीसरा छक्का लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट सीमारेखा के सामने तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। उन्होंने 17 गेंद में पांच छक्कों की मदद से 41 रन बनाए। पंत 19 गेंउ में 29 रन बनाकर आउट हुए जिन्हें बुमराह ने रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। मुंबई के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। वुड ने 17 की इकॉनामी रेट से तो नुवान तुषारा ने 14 रन प्रति ओवर की दर से रन दिये ।सबसे महंगे हार्दिक रहे जिन्होंने दो ओवर में 41 रन दिए।

# मयंक ने नेट अभ्यास शुरु किया, शीध्र खेलते नजर आयेंगे : श्रीधरन

लखनऊ ।लखनऊ सुपर जाइंट्स के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने कहा है कि युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव ने नेट अभ्यास शुरु कर दिया है और वह शीघ्र ही



खेल में भी वापसी करेंगे। मयंक ने इस आईपीएल सत्र में पदार्पण के साथ ही पहले 2 मैचों में अपनी तूफानी रफ्तार से टीम को जीत दिलायी थी पर तीसरे मैच में उनके पेट की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं ।इसके बाद डॉक्टरों ने मयंक को आराम की सलाह दी थी । अब वह तीन सप्ताह के आराम के बाद एक बार फिर नेट अभ्यास की ओर लौट गये हैं ।21 साल के इस तेज गेंदबाज ने अपने पहले दो मैचों में लगातार 3-3 विकेट लिए और लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पार करके सभी को हैरान कर दिया था । कोच श्रीधरन ने कहा कि वह आज नेट में गेंदबाजी कर रहा है ।हम देखेंगे कि वह कैसे गेंदबाजी करता है ।वह फिर से खेलने के काफी करीब है ये तो तय है ।

# ऋषभ के शानदार प्रदर्शन से इस क्रिकेटर की वापसी हुई मुश्किल



नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की है उससे युवा ईशान किशान सहित अन्य विकेटकीपरों के लिए अब टीम में जगह बनाना बेहद मुश्किल रहेगा। ऋषभ ने आईपीएल के 9 मैचों में 48.86 के औसत से 342 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 161.32 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए तीन अर्धशतक भी लगाये हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्व कप में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। वहीं ईशान का प्रदर्शन आईपीएल में भी अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल से पहले जिस प्रकार से घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से दूरी बनायी उससे भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नाराजगी जतायी थी। इसे में अब उनके लिए एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाना कठिन होगा। टी20 विश्वकप में भी उन्हें शायद ही जगह मिले। इसका कारण है कि ईशान टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर खेलते हैं और वह विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं है। ऐसे में उनकी राह और भी कठिन हो गयी है क्योंकि इस समस विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन , केएल राहुल सहित कई और विकल्प उपलब्ध हैं।

# आईपीएल 2024 : हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए बेताब होगी सीएसके

**चेन्नई (एजेंसी)।** लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है।





सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिये सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जायेगी।

सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है। लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है। गायकवाड़ ने इस सत्र में अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाया है और दुबे ने भी एक और अर्धशतक जड़कर प्रभावित किया।

रविंद्र जडेजा ने भी बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन शीर्ष क्रम का अनिरंतर प्रदर्शन टीम के लिए एक समस्या बनी हुई है। रचिन रविंद्र और डेरिल मिचेल रन नहीं जुटा पा रहे हैं जो चिंता का विषय है। इसके कारण ही सीएसके को अपने बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गेंदबाजी की बात की जाए तो टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ काफी मुश्किल हुई और चेपक में ओस ने उनके स्पिनरों को बेअसर कर दिया जिससे मेहमान टीम ने 213 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाजों ने लखनऊ की टीम के चार विकेट झटक लिये लेकिन स्पिनर जूझते नजर आए और खराब क्षेत्ररक्षण ने उसकी उम्मीदों पर पानी फैर दिया।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की बात की जाये तो आत्मविश्वास से भरी टीम को गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से घरेलू मैदान पर सत्र की तीसरी हार झेलनी पड़ी। हालांकि इससे उसके बल्लेबाजों की लय में रूकावट नहीं होगी और वे सीएसके के खिलाफ मिले हर मौके का फायदा उठाना चाहेंगे। आरसीबी के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद का शीर्ष और मध्य क्रम नाकाम रहा और मुख्य कोच डेनियल विटोरी को यह स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना शायद सही नहीं होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाजी क्रम में कोई फेरबदल होने की संभावना नहीं है। लेकिन ऐडन मार्कराम को रन जुटाने की जरूरत है जो पिछले दो मैच में इकाई के अंक पर आउट हुए।

गेंदबाजी में सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार पिछले तीन मुकाबलों में सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। उमरान मलिक, फजलहक फारूकी और आकाश सिंह जैसे खिलाड़ी खेलने का इंतजार कर रहे हैं जिससे सनराइजर्स हैदराबाद एक बार उन्हें मौका देने के बारे में सोच सकती है, विशेषकर जम्मू के तेज गेंदबाज को क्योंकि वह 150 किमी प्रति घंटे से रफ्तार से गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स -** रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेरिल मिशेल, शिवम दुबे, अजिंक्य रहाणे, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मथीशा पथिराना, मुस्तफिजुर रहमान

**सनराइजर्स हैदराबाद -** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), एडेन मार्कराम, नितीश रेड्डी, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, मयंक मारकंडे, जयदेव उनादकट

# आईपीएल में पंजाब-केकेआर मैच में बने कई रिकार्ड

कोलकाता ।आईपीएल के 2024 सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले में कई रिकार्ड बने हैं ।इसमें दोनो ही टीम के ओपनरों ने अर्धशतक लगाये । वहीं इनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा रहा । इस मैच में पहले खेलते हुए केकेआर 261 रन बनाने के बाद भी हार गयी ।इससे पहले कोई भी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए इतने रन बनाकर आउट नहीं हुई थी । पंजाब किंग्स ने 8 गेंद बाकी रहते ही ये मुकाबला जीत लिया । यह टी20 में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर था । इस मैच में चारों ही सलामी बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाये । इसमें केकेआर की ओर से फिल साल्ट ने 37 गेंदों पर 75 रन बनाए । वहीं सुनील नरेन ने 71 रन निकले । इनके बीच पहले विकेट के लिए 138 रनों की साझेदारी हुई । वहीं पंजाब किंग्स की ओर से प्रभसिमरन सिंह ने 20 गेंद पर 54 रनों की पारी खेली तो जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद पर नाबाद 108 रन बनाये ।इन सभी का स्ट्राइक रेट 200 से टी20 क्रिकेट में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मैच में चारों ही सलामी बल्लेबाजों ने 50 से ज्यादा का स्कोर 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से बनाया है । इस मैच में तकरीबन हर बल्लेबाज से 160 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए । वहीं पंजाब के चार बल्लेबाज क्रीज पर उतरे और उसमें तीन का स्ट्राइक रेट 220 से ऊपर का रहा । बेयरस्टो के शतक से पंजाब किंग्स ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में लक्ष्य पीछा करते हुए सबसे बड़े स्कोर को हासिल किया । वहीं इससे पहले आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने इसी सत्र में केकेआर के खिलाफ 224 रन का लक्ष्य हासिल किया था ।

# हार से निराश श्रेयर बोले , हमें हालातों के अनुसार ढ़लना होगा



कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये । अय्यर ने हालांकि हार के लिए किसी को दोष नहीं दिया है उन्होंने कहा कि हमें हालातों के अनुरुप ढ़लकर फिर से अपनी रणनीति बनानी होगी । केकेआर की टीम इस मैच में 262 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी जो टीम के लिए चिन्ता की बाज जरुर है ।इससे पता चलता है कि टीम की गेंदबाजी अच्छी नहीं है ।इस मैच में ईडन गार्डन्स के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था इससे बाद भी उसे असफलता मिली । उनके बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 261 रन बनाये पर ये जीत के लिए काफी नहीं थे ।पंजाब किंग्स की ओर से जॉनी बेयरस्टो ने मैदान पर आते ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से बाजी पलट दी । 262 रनों का असंभव दिख रहे लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने एक ओवर और दो गेंद पहले ही हासिल कर लिया । अय्यर ने मैच के बाद कहा कि टॉस के समय अगर उन्हें 261 रन दिए जाते तो वह आराम से इसे स्वीकार कर लेते । अय्यर ने कहा, जिस तरह से पंजाब के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी की उससे मैच उनके हाथ से फिसल गया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और यह देखना एक सुखद अनुभव था। अय्यर के अनुसार दोनों टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट खेला। उन्होंने कहा, दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया। यह उन मैचों में से एक रहा जहां आप देखते हैं कि कहां गलती हुई, खासकर जब 260 का स्कोर भी नहीं बच पाया ।हमें अब हालातों के अनुरुप ढलना होगा और अगले मैच के लिए बेहतर रणनीति बनानी होगी ।

# भाला फेंक खिलाड़ी जेना दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है।

इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की सहायता एथलीटों को मिल रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं।

जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्यास सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, ''हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं।



इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है। उन्होंने कहा, ''हमारे एथलीट किसी मामले में कम नहीं हैं केवल उन्हें अपनी क्षमताओं पर भरोसा करना होगा।''

## नीरज का मुकाबला जर्मनी के मैक्स से होगा

नई दिल्ली ।ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब जून में फिनलैंड में होने वाले पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे ।इसमें नीरज का मुकाबला 18 जून को जर्मनी के मैक्स डेह्निंग से रहेगा ।इसका कारण है कि डेह्निंग ने हाल ही में 90 मीटर से अधिके भाला फेंका था । इसके अलावा इस प्रतियोगिता में जर्मनी के ही जूलियन वेबर से भी उन्हें चुनौती मिलेगी । चोपड़ा नूरमी खेलों से पहले 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट में भी उतरेंगे ।उन्होंने इससे पहले पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था ।यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा है । वहीं उन्होंने पिछले साल फिट नहीं होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। पावो नूरमी विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है ।इसके साथ ही यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है । चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में उतरने जा रहे हैं ।यहां जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा । प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी । इन खेलों के आयोजकों ने कहा, 'हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है । इस साल फरवरी में डेह्निंग ने जर्मन विंटर थ्रोइंग चैंपियनशिप में 90.20 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर एक अहम उपलब्धि हासिल की थी ।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी कान्हाचट्टी पहुचें, अति नक्सल प्रभावित ग्रामीणों को किया जागरूक

## 80 प्रतिशत पार का बुलंद किया नारा



**चतरा,** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, सीआरपीएफ 190 बाटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव के साथ अति नक्सल प्रभावित कान्हाचट्टी प्रखण्ड क्षेत्र के गड़िया और पथेल, सिकिद, अमकुदर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पहुंचे। इसके अलावे बीके प्लस टू उच्च विद्यालय, तुलबुल, करमा, केन्दुवा सहोर, गड़िया बेंगो, सिकिद समेत अन्य बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होने कहा 20 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन बूथ केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए विद्युत, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आगे उन्होने सभी तैयारियों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं 85+ आयु वर्ग के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को बूथ केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गड़िया, सिकिद, अमकुदर, पथेल, धवैया सहित अन्य गांवों में मतदाओं को जागरूक करने हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम में मतदाओं को मत का अधिकार के बारें में जानकारी दी गई। साथ ही मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाया गया। उन्होने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मतदाओं से कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को चुनाव होना है, उस दिन आप जलपान करने से पहले मतदान किजिए। जो लोग अपने लोकसभा क्षेत्र से बाहर रह रहे है उन्हे भी उनके परिजन पर्व त्योहार जैसे अपने घर बुलाइए और अपने मत का प्रयोग करने बोलिए। आगे उन्होने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कम प्रतिशत वोट किए थे। इस बार जिले के सभी मतदाताओं को अपना मत का प्रयोग शत प्रतिशत करना है। साथ ही उन्होने गड़िया, सिकिद बूथ स्तर के पदाधिकारी के अनुशंसा करते हुए कहा है जिले भर में जिन बूथ स्तर के पदाधिकारी द्वारा अच्छे कार्य किए गए है और ज्यादा से ज्यादा मतदाओं को जोड़ने का कार्य किया गया है वैसे बूथ स्तर के पदाधिकारी को सम्मानित किया जाएगा। उन्होने कहा झारखण्ड अलग होने के बाद पहली बार गड़िया, सिकिद और पथेल मतदान केन्द्र पर संबंधित गांव के मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इससे पूर्व इन तीन गांवों के मतदाताओं को 11 से 13 किलोमीटर दूरी तय कर मतदान करना पड़ता था।

जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय ने कहा कि आप सभी मतदाता निर्भिक एवं भयमुक्त होकर मतदान करें। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए तैयार है। किसी के बहकावे में न आएं । उक्त निरीक्षण कार्यक्रम के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कान्हाचट्टी प्रखण्ड सभागार में उपस्थित सभी बीएलओ, शिक्षक और मतदाताओं के साथ बैठक कर मत का अधिकार के बारें में बताया और सभी को मतदाता शपथ भी दिलाया गया। मौके पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा संदीप सुमन, सभी पंचायत सेवक, जनसेवक, ग्रामीण महिला/पुरूष समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक वाहन से 3.42 लाख नगद बरामद

**हज़ारीबाग़/केरेडारी** - लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिला प्रशासन के आदेशानुसार संपूर्ण जिला में वाहन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे है, इसी क्रम में केरेडारी प्रखंड में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान में चेक नाका पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा जांच के क्रम में एक वाहन से नगद 3.42 लाख रू पाए गए। पूछताछ के क्रम में संबंधित व्यक्ति द्वारा संतोषपूर्ण रुप से जब्त नगदी का हिसाब नही देने के उपरांत नगद राशि को जब्त कर व्यय कोषांग को भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। इस दौरान अंचल अधिकारी रामरतन कुमार बर्नवाल,दंडाधिकारी सौरभ दीक्षित एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई में जुट गए है।








# उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

## 2,580 केजी जावा महुआ एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त,टीम ने सामग्रियों को किया नष्ट



**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर शनिवार को सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने नावाडीह थाना अंतर्गत दाहियारी ग्राम के कोचागढ़ा टोला में निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2,580 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव,अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति,अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।जानकारी हो कि,लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण ङ्क बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधिक्षक ने किया बरही प्रखंड का दौरा



**हज़ारीबाग़/बरही** – जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बरही प्रखंड का दौरा कर विभिन्न बर्नेबल ( 1ह्वद्यठ्ठद्गह्म्- ङ्कह्वद्यद्गह्म्) बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 285 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केवाल एवं 344 उत्क्रमित मध्य विद्यालय, श्रीनगर का निरिक्षण किया तथा मूलभूत सुविधाओं को ससमय क्रियाशील करने का निर्देश दिया। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियों के साथ बिरहोर टोला बारियठ्ठा का भी दौरा किया। उन्होंने बिरहोर समुदाय के लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से अवगत हुई। बातचीत के क्रम में उन्होंने सभी से मतदाता पहचान के पत्र के उपलब्धता के बारे जानकारी ली तथा सभी योग्य मतदाताओं को 20 मई यानी मतदान दिवस के दिन वोट करने को प्रेरित किया। उन्होंने बिरहोर बच्चों को टॉफी भी दिया।

# बढ़ती भीषण गर्मी को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जारी किए कई महत्वपूर्ण निर्देश

### 8ः30 एवं 10ः30 बजे स्कूलों में लगेगी वाटर बेल, प्रत्येक बच्चे पियेंगे एक-एक ग्लास पानी

**कतरासः*** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक 56 दिनांक 25.4.2024 के आदेशानुसार पूरे धनबाद जिले में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है. इसी आदेश के तहत कतरास, बाघमारा के समस्त स्कूलों में बीईओ कतरास व बाघमारा ने उक्त आदेश का अक्षरशः अध्ययन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया है. इसके तहत स्कूलों में चलने वाले सभी आउटडोर गतिविधियों को तत्काल स्थगित करने, विद्यालय अवधि में बच्चे कम से कम बाहर निकले यह सुनिश्चित करने, बच्चों को टोपी पहनकर या सिर ढक कर स्कूल आने के लिए प्रेरित करने, यथासंभव बच्चे को घर से पानी का बोतल लेकर आने का निर्देश दिया गया है. प्रातः 08ः30 एवं 10ः30 बजे वाटर बेल के रूप में विशेष घंटी बजाने एवं जिसमे सभी बच्चे एक एक ग्लास पानी जरूर पिएंगें, इस कार्यक्रम को बेहतर करने के लिए निम्बू पानी, नमक- चीनी- पानी का घोल, ORS का घोल पिलाने पर जोर दिया गया है.






# इंडी गठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी को विजय बनाने हेतु की महत्वपूर्ण बैठक



चाईबासा-जगन्नाथपुर कसिरा पंचायत के चुरलासाई में शंकर कोड़ा के अध्यक्षता में एक बैठक हुई।बैठक में आगमी लोकसभा के चुनाव में इंडी गंठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी को भारी मातो से विजय बनाना का संकल्प लिया.बैठक को सम्बोधिंत करते हुए झारखंड अंदोलनकारी सह पूर्व विद्यायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि जनविरोधी भाजपा सरकार को देश से उड़ने का मौका मिला है।यहाँ की निर्वतमान सांसद गीता कोड़ा इस सांसदीय क्षेत्र के जनता के साथ काफी धोखा दिया है,और आदिवासी दलित पिछड़ा अल्पसंख्यत विरोधी भाजपा पार्टी की उर्मीदवार बन चुकी है जो यहां के लोगो के जल-जंगल जमीन को छिना चाहती है।भाजपा सरकार देश की संविधान और लोकतंत्र को समाप्त करना चाहती.यहा के पूर्व मुख्यमत्री मधु कोड़ा पिछड़ो के अरंक्षण को भी अपने कार्यकाल मे इस जिला से समाप्त कर दिया है।कोड़ा दम्पती का इस क्षेत्र में झारखंड राज्य बनने के बाद से 25 साल तक सत्तासीन रहा,लेकिन यहां की जनसमस्या का निरकरण करने में विफल रहा ।अब मौका है कि आप 13 मई को तीर धनुष चुनाव चिन्ह मे वोट देकर इन्हे सबक सिखाये।इस बैठक में लक्ष्मीनारायण लागुरी,मो.फिरोज,जुनिया पुर्ती,बमिया पूर्ती,राम कोड़ा के अलावे सेकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष उपास्थित थे.

# चलती पार्सल गाड़ी में लगी आग, लाखों नुकसान का अनुमान



**चौपारण** – चौपारण प्रखण्ड के चतरा रोड के रानीक मोड़ के समीप एक चलती पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई और ट्रक के अंदर से धुंवा ही धुंवा नजर आने लगा। आग लगते देख वाहन के चालक ने गाड़ी को साइड खड़ा कर दिया। देखते ही देखते वहां काफी संख्या में लोग जुटने लगे और इसकी सूचना प्रशासन और दमकल वाहन को दी। वहीं कई लोगो अपने मोबाइल निकालकर विडियो भी बनाते दिखे। घटना की सूचना पर आधे घण्टे के अंदर ही दमकल वाहन पहुंचकर आग पर का काबू पाया। लेकिन फिर भी ट्रक में लोड लाखों की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर चौपारण प्रशासन भी पहुंचकर आग बुझाने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या बीआर 02 जीसी 7695 गया बिहार से पार्सल लोड कर चतरा की ओर जा रहा था। इसी बीच चौपारण के रानीक मोड़ के समीप पार्सल गाड़ी में अचानक आग लग गई। वाहन में आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया पर अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी के वजह से वाहन में आग लगी हो। पार्सल गाड़ी में कपड़े से लेकर इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई तरह के सामान लोड था।

# 10 लाख के इनामी नितेश यादव दस्ते का सदस्य है गिरफ्तार

**गिरफ्तार दोनों नक्सली राजेंद्र भुइयां व विष्णु विश्वकर्मा पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला है। राजेंद्र 10 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव का बेहद करीबी है और उसके दस्ते का अहम सदस्य है. कुछ महीने पहले पलामू के हुसैनाबाद इलाके में लेवी के लिए एक मोबाइल टावर में आगजनी की घटना हुई थी. इस घटना को अंजाम देने का आरोप राजेंद्र पर है. राजेंद्र भुइयां अन्य नक्सली हमलों का भी आरोपी है. पलामू में लोकसभा चुनाव 13 में को होने जा रहा है इसके पूर्व उक्त नक्सली के गिरफ्तारी पलामू पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।**

**मेदिनीनगर पलामू** – पलामू पुलिस कप्तान रिशमा रमेशन के नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पलामू पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने शीर्ष माओवादी राजेंद्र भुइयां व विष्णु विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चार बंदूक भी बरामद किया है। लोकसभा चुनाव से पहले प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी को बड़ा झटका लगा है।

**पलामू पुलिस कप्तान रिशमा रमेशन एक प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया कि :** पुलिस और सुरक्षा बलों ने माओवादी राजेंद्र भुइयां एवं विष्णु विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली कमांडर के पास से चार हथियार भी बरामद किये गये हैं।

पुलिस और सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी दोनों माओवादियों से पूछताछ किया हैं। इस पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। राजेंद्र भुइयां पर कई नक्सली घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि राजेंद्र लोकसभा चुनाव के दौरान किसी घटना को अंजाम दे सकता है। यह भी जानकारी मिली थी कि वह लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है. इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, यह सर्च ऑपरेशन पलामू के हुसैनाबाद, छतरपुर, पांडु और हैदरनगर के सीमावर्ती इलाकों में चलाया जा रहा था. सर्च अभियान के दौरान माओवादी राजेंद्र भुइयां व विष्णु विश्वकर्माको गिरफ्तार कर लिया गया. गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर चार हथियार बरामद भी किये गये हैं. साथ ही हथियार निर्मित करने वाला कई अन्य सामान भी बरामद हुआ है। छापामारी दल में पुलिस पदाधिकारी और जवानों में डीएसपी मुकेश कुमार महतो, हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह पुलिस पदाधिकारी धर्मेंद्र सिंह बबलू कुमार संजय यादव जवानों में रंजन टूटी परमेश्वर महतो। सुप्रियन लकड़ा इनके अलावा सीआरपीएफ 172 बटालियन के पदाधिकारी पुलिस बल के जवान शामिल थे।







सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63